राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -68 रायपुर रविवार 3 मार्च 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


भारतीय सेना के चेतक हेलीकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग


काशी विश्वनाथ मंदिर के 2 किलोमीटर के क्षेत्र में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध, 26 दुकानें बंद

औरंगाबाद में तेजस्वी यादव पर जमकर बरसे पीएम मोदी, कहा-

## परिवारवादी लोगों की राजनीति को बिहार ने नकारा : पीएम मोदी





**औरंगाबाद की रैली में पीएम मोदी से बोले नीतीश, 'अब हम इधर-उधर नहीं होने वाले, आपके साथ ही रहेंगे'**

**TMC का मतलब है तू, मैं और करप्शन', पीएम नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी की सरकार पर साधा निशाना**

एजेंसी।

औरंगाबादः बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य का पहला दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आज औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत भी किया। इसके साथ ही उन्होंने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव अपर जमकर हमला भी बोला। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी लोग अपने माता-पिता की बनाई हुई पार्टियों के शीर्ष पदों पर बैठ गए हैं। उन्हें पार्टियां तो विरासत में मिल गई हैं और इसके साथ ही उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के काम भी उनके हिस्से आये हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हृष्ठ की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिए पर जाने लगी है। परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है। मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है, लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं पड़ती है। ये परिवारवादी पार्टियों की हालत है।

**'पुराने दौरे में बिहार को असुरक्षा और आतंक की आग में झोंका गया' -**

उन्होंने कहा कि बिहार में जब पुराना दौर था, राज्य को अशांति, असुरक्षा और आतंक की आग में झोंक दिया गया था। बिहार के युवाओं को प्रदेश छोड़कर पलायन करना पड़ा। एक आज का दौर है, जब हम युवाओं का कौशल विकास कर रहे हैं। बिहार के हस्त शिल्प को बढ़ावा देने के लिए हमने 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकता मॉल की नींव रखी है। ये नए बिहार की नई दिशा है। ये बिहार की सकारात्मक सोच है। ये इस बात की गारंटी है कि बिहार को हम वापस पुराने दौर में नहीं जाने देंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट जारी : 34 केन्द्रीय मंत्री को मिली टिकट

# 18 राज्यों में 195 नाम, 27 एससी,8 एसटी व 28 महिलाओं को टिकट

### नरेन्द्र मोदी वाराणसी, अमित शाह गांधीनगर से लड़ेंगे चुनाव

नईदिल्ली,एजेंसी।

**चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। नई दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थिति पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में शाम को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। विनोद तावड़े ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में जनहीत के कई निर्णय लिए गए हैं।**

बीजेपी इस बार 370 और एनडीए 400 पार के संकल्प के साथ हम देशवासियों के सामने जाएगी। प्रदेश चुनाव समिति के द्वारा विचार करते हुए हर लोकसभा क्षेत्र के लिए नाम केंद्र की ओर आए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश की चुनाव समिति ने और चर्चा की और अंतिम 29 फरवरी को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। उसमें 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश में से 195 सीटों के लिए नाम फाइनल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर एक बार वाराणसी सीट से प्रत्याशी बनाए गए हैं। 34 केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री शामिल है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का नाम भी सूची में शामिल है। 28 महिलाएं, 2 पूर्व सीएम, 50 से कम वाले 47 युवा उम्मीदवार हैं। अनुसूचित जाति 27, अनुसूचित जनजाति के 18, ओबीसी 57 वर्ग के लोगों को टिकट दिया गया है।

उत्तर प्रदेश से 51 सीट, बंगाल से 26, मध्य प्रदेश 24, गुजरात 15, राजस्थान 15, केरल 12, तेलंगाना 9, असम 11, झारखंड 11, छत्तीसगढ़ 11, दिल्ली 5, जम्मू- कश्मीर 2, उत्तराखंड 3, गोवा 1, अंडमान 1, दमन 1 सहित कुल 195 सीटों की घोषणा की जाएगी।

**शिवराज , गुना से सिंधिया, सुषमा स्वराज की बेटी को नई दिल्ली से टिकट**

**34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में**

**28 महिलाओं को मौका 47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है**

**27 नाम अनुसूचित जाति से 18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से 57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से**




### बीजेपी ने कई पुराने चेहरे पर जताया विश्वास

बीजेपी की लिस्ट में कई बड़े चेहरे भी शामिल है. पार्टी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा सीट से लोकसभा चुनाव में उतारा है. ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुना सीट से उतारा गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से उम्मीदवार बनाए गए हैं. मंनोज तिवारी को भी पार्टी की तरफसे टिकट मिल गया है. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया है. मथुरा सीट हेमा मालिनी को एक बार फिर बीजेपी ने मैदान में उतारा है.पार्टी के तेजतर्रार नेता निशिकांत दुबे एक बार फिर गोड्डा सीट से चुनाव में उतरेंगे. केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा को खुंटी लोकसभा सीट से टिकट मिला है.

**छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा,संतोष पांडे को राजनांदगांव से फिर मिला मौका, बृजमोहन को रायपुर तो सरोज को कोरबा से मिली टिकट**


रायपुर
बृजमोहन अग्रवाल


राजनांदगांव
संतोष पांडेय


कोरबा
सरोज पांडेय


रायगढ़
राधेश्याम राठिया


कांकेर
भोजराज नाग


जांजगीर चांपा
श्रीमति कमलेश जांगड़े


बिलासपुर
तोखन साहू


दुर्ग
विजय बघेल


सरगुजा
चिंतामणी महाराज


महासमुंद
रुप कुमारी चौधरी


बस्तर
महेश कश्यप

### मध्य प्रदेश में भाजपा ने किसे कहां से उतारा

1.भोपाल से आलोक शर्मा2.गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया3.सागर से लता वानखेड़े4.टिकमगढ़ से वीरेंद्र खाटी5.दमोह से राहुल लोधी6.खजुराहो से वीडी शर्मा7.सतना से गणेश सिंह8.रीवा से जर्नादन मिश्र9.सीधी से राजेश मिश्र10.शहडोलसे हिमाद्री सिंह11.जबलपुर से आशीष दुबे12.मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते13.होशंगाबाद दर्शन सिंह14. विदिशा से शिवराज15.देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी16.मंदसौर से सुधीर गुप्ता17.रतलाम से गजेंद्र पटेल बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट में 28 महिलाओं को टिकट दिया गया। इसके अलावा 47 युवा उम्मीदवारों को भी मौका दिया गया है। बीजेपी ने 27 एससी और 18 एसटी उम्मीदवारों को टिकट दिया है। मालूम हो कि गुरुवार रात केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में नामों पर मंथन के बाद मुहर लगी। बीजेपी ने 195 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है।

## केंद्रीय मंत्रियों से लेकर मौजूदा सांसद तक, भाजपा की पहली लिस्ट के हैं बड़े नाम

नईदिल्ली,एजेंसी।

अगर बड़े नामों की बात करें तो अरुणाचल पश्चिमी सीट पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मैदान में उतरे हैं। वहीं, डिब्रूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल उम्मीदवार हैं। वहीं, दिल्ली में पुराने सांसदों में सिर्फमनोज तिवारी की सीट बरकरार रखी गई है। इसके अलावा यहां पर एक बड़ा नाम सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का है। गुजरात की बात करें तो यहां पर गांधीनगर से गृहमंत्री अमित शाह और पोरबंदर से केंद्रीय मनसुख मंडाविया मैदान में हैं। झारखंड में निशिकांत दुबे को गोड्डा से मैदान में उतारा गया है। मध्य प्रदेश की बात करें तो यहां पर भी ज्यादातर नाम प्रत्याशित ही हैं। इनमें गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते और विदिशा से शिवराज सिंह चौहान के नाम शामिल हैं। राजस्थान में बीकानेर से बीकानेर अर्जुन राम मेघवाल, अलवर से भूपेंद्र यादव, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, चित्तौड़गढ़ से सीपी जोशी, कोटा से कोटा ओम बिड़ला और झालावाड़-बारां से दुष्यंत सिंह जैसे बड़े नाम हैं। उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, मथुरा से हेमा मालिनी, खीरी से अजय मिश्रा टेनी, उन्नाव से साक्षी महाराज, लखनऊ से राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति के नाम हैं। इसके अलावा गोरखपुर से रविकिशन, आजमगढ़ से दिनेशलाल यादव निरहुआ के नाम बरकरार रखे गए हैं। पश्चिम बंगाल की बात करें तो कूचबिहार से नीशीथ प्रमाणिक, आसनसोल से भोजपुरी गायक पवन सिंह, हुगली से लॉकेट चटर्जी, बेलूरघाट से सुकांता मजूमदार और कांथी से सुवेंदु अधिकारी के नाम घोषित किया गया है।



### बेंगलुरु कैफे में धमाके के बाद दिल्ली में भी पुलिस हुई अलर्ट, सख्त किए गए सुरक्षा इंतजाम

**नई दिल्ली:** बेंगलुरु कैफे में धमाके के बाद दिल्ली में भी पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को ये जानकारी दी है। गौरतलब है कि बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को कम तीव्रता का बम विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घायलों में रेस्तरां कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुखों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों, खासकर दिल्ली के बाजारों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाजार संघों को सतर्क रहने और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर स्थानीय पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया है।

## कर्नाटक और पश्चिम बंगाल सरकार में चल रही तुष्टिकरण की प्रतियोगिता : गिरिराज सिंह



मुंबई : एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेगूसराय पहुंचने से पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक और पश्चिम बंगाल सरकार में तुष्टिकरण की प्रतियोगिता चल रही है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक की सरकार भी पश्चिम बंगाल की सरकार के तर्ज पर चल रही है और तुष्टिकरण की राजनीति के साथ-साथ वहां आतंक का माहौल बन रहा है। दोनों में प्रतियोगिता चल रही है। लेकिन यह देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश की जनता सब जानती है। आज राहुल गांधी खुद मियां मिट्ठू बन रहे हैं, जबकि देश की जनता सब कुछ जान रही है और आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार 400 सीट से अधिक लेकर संसद भवन पहुंचेंगे।

योगी ने 1100 अन्नपूर्णा भवनों का किया लोकार्पण, बोले-

## रिफार्म की वजह से खत्म हुआ भ्रष्टाचार

लोकशक्ति। संवाददाता।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है।

प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है।



सीएम योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था लेकिन राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। लेकिन, हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है।

**भूखमरी की समस्या का हुआ समाधान** - मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भूखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, लेकिन अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी जी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 से पहले यह असंभव था। गरीब को राशन मिल पाना दूभर था।

## 'बंगाल में अपराधी तय करते हैं कि कब सरेंडर करना है, कब गिरफ्तार होना है'

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नदिया के कृष्णानगर में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अपराधी तय करते हैं कि कब सरेंडर करना है, कब गिरफ्तार होना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नहीं चाहती थी कि संदेशखाली का गुनहगार गिरफ्तार हो लेकिन संदेशखाली की महिलाएं दुर्गा बनकर खड़ी हो गई,बीजेपी कार्यकर्ताओं ने आंदोलन किया तब राज्य सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने टीएमसी का फुल फॉर्म बताया और कहा- टीएमसी का मतलब है कि 'तू मैं और करप्शन'।

उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गरीब कल्याण की योजनाओं को भी टीएमसी सरकार ठीक से लागू नहीं होने देती। हर स्कीम को स्कैम में बदल देती है। इसमें इन्हें मास्टरी हासिल है। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल की 42



में से 42 सीटें बीजेपी को मिलेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अगले 100 दिन घर-घर जाकर लोगों से मिलें और लोगों में जागरुकता फैलाएं।

जनसभा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णा नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में 15 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं पश्चिम बंगाल के लोगों के जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### मुंबई में रोका गया चीनी जहाज, परमाणु हथियार बनाने का सामान लेकर जा रहा था पाकिस्तान



**एजेंसी।** चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में रोक लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका यूज पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए हो सकता है। चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में रोक लिया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज सीएमए सीजीएम अत्तिला को 23 जनवरी को बंदरगाह पर रोका। जांच के दौरान इसमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी मिली, जिसे एक इटैलियन कंपनी ने बनाया था।

# मोदी सरकार सहकारिता आंदोलन को जनआंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास कर रही है : शाह

एजेंसी।:

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ाने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद आज नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की स्थापना हो रही है और ये हम सबके लिए बहुत शुभ दिन है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज़ादी के 75 वर्षों के बाद अलग



सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को एक अंब्रेला, सहकारिता मंत्रालय के रूप में मिला है। श्री शाह ने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा और देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जनआंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैरामीटर सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की सहभागिता है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए।

श्री अमित शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की ज़रूरत था और सेल्फ रेगुलेशन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद ज़रूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। श्री शाह ने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम बीआर एक्ट के लिए छोटे से छोटे बैंक को तैयार करना होना चाहिए।

### पांच बार के विधायक अरबिंद धाली ने बीजद से दिया इस्तीफा, भाजपा में होंगे शामिल

भुवनेश्वर : एजेंसी।

लोकसभा चुनाव से पहले ओडिशा में बीजू जनता दल को



एक बार फिर झटका लगा है। यहां पर पांच बार के विधायक अरबिंद धाली ने शनिवार को सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के साथ ही उन्होंने कहा कि वह विपक्षी भाजपा में शामिल होंगे। बता दें कि खोरधा जिले के जयदेव क्षेत्र से विधायक अरबिंद धाली ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा बीजद अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को ईमेल के जरिए भेज दिया है।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# दूसरी बार राजनांदगांव से संतोष पांडे लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली/रायपुर संवाददाता। लोकशक्ति

**भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया।**

**सांसद पांडे ने आभार जताते हुए लिखा:** केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्यों,देवतुल्य कार्यकर्ताओं और राजनांदगांव लोकसभा की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग हमेशा ऐसे ही बना रहे प्रभु श्रीराम से यही प्रार्थना है।

विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।

### संतोष पांडे का जीवन परिचय

संतोष पांडेय का जन्म 31 दिसंबर 1967 को कबीरधाम जिले के सहसपुर में हुआ है। उनके पिता का नाम स्व.शिव प्रसाद पांडेय और माता का नाम सोना देवी पांडेय है। संतोष पांडे की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी पूरी तरह भाजपा से जुड़ी रही है। इनके पिता स्वर्गीय शिव प्रसाद पांडेय सहसपुर लोहारा मंडल के दो बार मंडल अध्यक्ष रहे हैं। इनकी माता सोना देवी पांडेय अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रदीप गांधी के जिला पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान जिला पंचायत सदस्य रही हैं। इनके भाई संघ के विभिन्न प्रचारक पदों पर हैं।



संतोष पांडेय ने रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से बीए एलएलबी की डिग्री हासिल की है। इनका व्यवसाय कृषि है। कृषि के अलावा इन्हें किराए से भी आय प्राप्त होती है। संतोष पांडेय का विवाह 5 जुलाई 1995 को रेखा पांडेय के साथ हुआ है। उनके दो पुत्र है। संतोष पांडेय की कुल घोषित संपत्ति चुनाव आयोग के शपथ पत्र के अनुसार 2 करोड़ 48 लाख रुपए है। उनका मूल निवास वार्ड नंबर एक शांतिदिप राइस मिल के पास कवर्धा है।

संतोष पांडेय आरएसएस के बाल्यकाल से स्वयंसेवक हैं। संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर राजनांदगांव जिला के युवा मोर्चा के दो बार अध्यक्ष रहे। भाजपा के दो बार प्रदेश मंत्री रहने के अलावा प्रदेश महामंत्री रहें हैं। कृषि उपज मंडी कवर्धा के अध्यक्ष रहें। वे खेल एवं युवा कल्याण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष भी रहें। संतोष पांडेय 2003 में विधानसभा परिसीमन होने से पूर्व वीरेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रहे। मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान निकाली जा रही दो विकास यात्रा के प्रभारी रहें। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रांत के सहसंयोजक रहे।

2014 के लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह राजनांदगांव सांसद हुआ करते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद का टिकट काटकर संतोष पांडेय को राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव मैदान में उतारा। हालांकि संतोष पांडेय को रमन सिंह के विश्वसत नेताओं में गिना जाता था। संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से चुनाव हराया।

भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय को 662387 वोट मिले। कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को 550421 वोट मिले। संतोष पांडेय 13 सितंबर 2019 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर बने। 9 अक्टूबर 2019 को शासकीय आश्वासनो संबंधी समिति के सदस्य बने। वे केंद्रीय वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परामर्शदात्रि समिति के भी सदस्य हैं।


## संतोष पांडेय ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रमुख कार्य किये है

1 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 242 करोड़ के 38 सड़कों की स्वीकृति ।
2 केन्द्रीय मद से कुल 250 किमी की सड़क हेतु 149 करोड़ की मंजूरी कुल 40 सड़कें
3 डोंगरगढ़ से बोरतलाव (महाराष्ट्र सीमा) सड़क तक की स्वीकृति
4. बजट सत्र 2020-21 में डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन हेतु 500 करोड़ की स्वीकृति ।
5 प्रसाद योजना के तहत् पूरे देश में चिन्हित 51 स्थानों में से छग से एक मात्र माँ बम्लेश्वरी मंदिर का चयन किया गया है। जिसके लिए 43 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है। प्रसाद योजना से बम्लेश्वरी माता के मंदिर में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य व सौदर्गीकरण के कार्य होने हैं एवं प्रज्ञा गिरि पर्वत पर भी सौदर्गीकरण कार्य होना है एवं वहां एक नवीन पार्क की स्थापना हो रही है, जहाँ श्रीयंत बन रहा है।
6 केन्द्र द्वारा राजर्नांदगाँव जिले को आकाँक्षी जिला में शामिल कर दूरस्थ व वाँचल के लगभग 400 ग्रामों में जिले के 1500 स्थानों पर सोलर लाइट हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति ।
7 केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा के नवीन भवन स्वीकृति हेतु 21 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त की गई है।
8 कोविड के प्रथम व द्वितीय लहर के दौरान सांसद निधि द्वारा 1 करोड़ 25 लाख का सहयोग क्षेत्र के चारों जिलों में किया गया।
9 जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही साथ विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र में भी आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। (वेंटीलेटर, व अन्य मेडिकल उपकरण)
10 क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा हेतु अब तक कुल 03 एंबुलेंस व 02 शव वाहन प्रदान किए गए।
11 छत्तीसगढ़ में एक मात्र दिव्यांगजनों के सुविधा हेतु संचालित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास सशक्तिकरण केन्द्र की स्वयं के भवन हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से आग्रह कर 25 करोड़ रु कि राशि की स्वीकृति प्राप्त की।
12 स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के राजनींदगाँव सेंटर को अपग्रेड करने हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण व खेल मंत्री जी (अनुराग ठाकुर) से आग्रह कर 63 लाख रु. की स्वीकृति प्राप्त की गई है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में साई के पृथक से बालक-बालिकाओं के 100 बेड हॉस्टल, खेलो इंडिया की बास्केटबाल अकादमी स्वीकृत हो गई है।
13 लाइन रेल्वे अंतर्गत 230 किमी की तीसरी रेल लाइन का विस्तार किया जा चुका है। चौथी लाईन हेतु भी कार्य आरंभ होने वाला है एवं क्षेत्र अंतर्गत दो स्टेशन राजनाँदगाँव एवं डोंगरगढ़ में अमृत स्टेशन योजना (द्वितीय चरण) में शामिल है जिसमें रेल्वे स्टेशन का जीर्णोद्धार होगा। आकर्षक प्रवेश द्वार बनेगा, रैम्प तैयार होगा, लिफ्ट लगेगी एवं अन्य प्रकार सौंदयीकरण के कार्य भी होंगे।
14 राजर्नादाँव जिले में कुल 105 सड़कों के मरम्मत हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 3736 लाख रु की स्वीकृति।
15 वर्तमान में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले से छत्तीसगढ़ राज्य में मेरे संसदीय क्षेत्र के खैरागढ़ को जोड़ने वाली सड़क लौंजी मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किए जाने की माँग माननीय मंत्री गडकरी से की थी जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। ग्रीन फील्ड राजमार्ग सड़क के रूप में मार्ग को विकसित किया जाएगा। वर्तमान में बालाघाट के राजेगांव से लौंजी होते हुए खैरागढ़ की ओर सर्वे कार्य चल रहा है।
16 जबलपुर से कवर्धा-खैरागढ़-राजनांदगाँव-डोंगरगांव-मानुपर-गढ़चिरौली-चद्रपुर हैदराबाद सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने हेतु मंत्री

# आठवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित अजय ने टीम के साथ आजीवन सभासदों का जताया आभार

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि पिछले कार्यकाल की तरह 2024- 26 का कार्यकाल भी बेहद महत्वपूर्ण होगा। इसमें मंडल के नवनिर्मित भवन के शेष कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। साथ ही बुजुर्गों के लिए आपुल्की (आत्मीय) योजना शुरू कर महाराष्ट्र मंडल अपने समाजसेवा के दायरे को बढ़ाएगा।

आठवीं बार महाराष्ट्र मंडल का अध्यक्ष बनने के बाद अजय काले ने आजीवन सभासदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मंडल के नवनिर्मित भवन के तृतीय तल पर 16 सर्व सुविधायुक्त कमरों का निर्माण रिकॉर्ड समय पर करना है। इन कार्यों के बीच मंडल पर दो करोड़ रुपए का कर्ज उतारने के लिए भी हम संकल्पबद्ध हैं।


Ajay Madhukar Kale

अजय काले ने कहा कि गत दो वर्षों में हम महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर सके। संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) के दो प्रतिभाशाली बच्चे कुंदन बियाणी और मुस्कान सिंह 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रवीण्य सूची में स्थान बना सके। काले ने बताया कि डिजिटल युग की मांग को देखते हुए महाराष्ट्र मंडल ने अपना नया हिंदी न्यूज़ पोर्टल 'दिव्य महाराष्ट्र मंडल' शुरू किया। इसे सालभर में ही अभूतपूर्व प्रतिसाद मिल रहा है। इसके अलावा 26 जनवरी से चौबे कालोनी स्थित मंडल परिसर में फिजियोथैरेपी सेंटर जरूरतमंद मरीजों को न्यूनतम फीस पर फिजियो की सेवाएं दे रहीं हैं। यहां बीपीएल मरीजों को मुफ्त में फिजियो की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र मंडल के नए भवन में दो लिफ्ट, जनरेटर और पार्किंग एरिया में पेवर ब्लॉक लगाने के काम किए जाएंगे। साथ ही नवा रायपुर (अटल नगर) में दोबारा भूखंड आवंटित करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे क्योंकि संत ज्ञानेश्वर स्कूल का व्यापक स्तर पर विस्तार आज के समय की मांग है। काले के मुताबिक हमारी कोशिश चौबे कॉलोनी स्थित कामकाजी महिला वसती गृह व छात्रावास के लगातार जर्जर हो रहे 40 साल पुराने भवन को नई पीढ़ी की मांग के अनुरूप अत्याधुनिक बनाने की भी है।

काले के अनुसार लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र मंडल की सामान्य सभा की बैठक (एजीएम) आहूत की जाएगी। तब तक मंडल और उसके प्रकल्पों का आय-व्यय का ऑडिटेड ब्यौरा भी उपलब्ध हो जाएगा। एजीएम के बाद ही कार्यकारिणी के मनोनीत होने वाले सात सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी। इसी दौरान महाराष्ट्र मंडल की सभी 15 समितियां के प्रभारी, सह प्रभारी एवं उनकी टीमों के नाम भी घोषित किए जाएंगे।

### गजानन मंदिर में आज 'संतश्री' प्रगट दिवस महोत्सव



**रायपुर।** तात्यापारा स्थित संत श्री गजानन महाराज (शेगांव) संस्थान रायपुर द्वारा 'संतश्री' का प्रगट दिवस महोत्सव 28 फरवरी से मनाया जा रहा है। कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ महोत्सव 5 मार्च को भव्य शोभायात्रा और महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा। संतश्री गजानन महाराज (शेगांव) संस्थान के उपाध्यक्ष जयंत तापस ने बताया कि रविवार को संतश्री के प्रगट दिवस महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 5 बजे श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक परायण किया जाएगा। 8.30 बजे सहस्त्राभिषेक और सुबह 10 बजे श्रीगणेश याग उपरांत आरती होगी। शाम को सामूहिक महाआरती होगी। 4 मार्च को महाप्रसाद के दिन सुबह सहस्त्राभिषेक और सत्यनारायण की कथा होगी। दोपहर एक बजे से भाजी भाकर (भंडारा) होगा। तापस के मुताबिक महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह 8.30 बजे सहस्त्राभिषेक पूजन, शाम को 4 बजे महिलाओं द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा तात्यापारा स्थित मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। पालकी के बाद आरती और गोपाल काला प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### अजय काले लगातार आठवीं बार बने महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष

अजय मधुकर काले महाराष्ट्र मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। शुक्रवार को मंडल के चुनाव अधिकारी प्रसन्न निमोणकर ने इस आशय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अजय काले के निर्विरोध अध्यक्ष बनने के अलावा सभी छह कार्यकारिणी सदस्य पद पर चेतन गोविंद दंडवते, दीपक रघुनाथ किरवईवाले, विशाखा मदन तोपखानेवाले, श्याम सुंदर खंगन, गीता श्याम दलाल और नमिता शेष को भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

## राजिम कुंभ में जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के पांचवे दिन कुलेश्वर मंदिर के पास बने डोम में जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर राजिम एवं जगदीश साहू विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने जैविक खेती करने के लिए जोर देते हुए जैविक खेती के फायदे बताए। जिससे किसान कम लागत में जैविक पद्धति से अधिक उत्पादन देते हुए लाभ कमा सकते हैं। जैविक खेती के लिए जैविक पोषक तत्वों को तीन भागों में बांटा है। जिसमें जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत के निर्माण से खेती के पोषक तत्व देने की विधि बताई। कृषि को कीटों से बचाने के लिए ब्रह्मास्त्र और नीमास्त्र बनाने की विधि इस कार्यक्रम में किसानें को दी गई। साथ ही क्षेत्र के उनके किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन किसानों ने जैविक कृषि पद्धति अपनाकर लाभ कमाया। साथ ही आज किसान दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के यवतमाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान राशि की 16वीं किस्त जारी करते हुए उपस्थित किसानों को वर्तवली संबोधित भी किया।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

### निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करने के दिये निर्देश

**धमतरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने आज ग्राम पंचायत रावां एवं कुर्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुर्रा में संबंधित आवास के हितग्राहियों सहित सरपंच, सचिव को उक्त आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा निर्मित शासकीय माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने उक्त निर्माण कार्य का फाइल संधारित नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त हुये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को तत्काल फाइल संधारित करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत रावां में एनआरएलएम द्वारा संचालित बुनकर एवं मिनी राईस मिल का निरीक्षण सीईओ सुश्री श्रीवास्तव ने किया। साथ ही ग्राम पंचायत कुर्रा में स्कूल परिसर के अंदर हितग्राही द्वारा आवास निर्माण किये जाने पर परिसर के बाहर आवास बनाने के निर्देश दिये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 10 मार्च को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव ने बताया कि सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च 2024 को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट सीजीएसएलएसए डॉट जीओवी डॉट इन पर अपलोड की गई है। जहाँ अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउन लोड कर प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही 17 फरवरी 2024 को अनुवादक एवं वाहन चालक के पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के भी परिणाम घोषित करते हुए मेरिट लिस्ट भी वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

# निगम जोन 2 बाजार एवं राजस्व विभाग ने 2 बकायेदार दुकानों को बकाया न देने पर सीलबंद किया

रायपुर -

नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व एवं बाजार विभाग द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा के आदेषानुसार प्रतिदिन निरंतर राजस्व वसूली अभियान सभी 10 जोनो के राजस्व एवं बाजार विभाग की टीमो द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है। बड़े बकायेदारो से नियमानुसार सख्ती से बकाया राषि वसूल करने आवष्यकतानुसार सीलबंद एवं कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी है। बकाया राषि अदा नहीं किये जाने पर आज नगर निगम जोन 2 बाजार एवं राजस्व विभाग की टीम ने जोन 2 जोन कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देषानुसार जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री नरेन्द्र नायक के नेतृत्व में फाफाडीह चैक दुकान क्रमांक 32 के 191318 रू. बकायेदार की दुकान एवं फाफाडीह टिम्बर मार्केट में 142543 रू. के बकायेदार दुकान क्रमांक 17 को बकाया नगर निगम को अदा न करने की स्थिति में स्थल पर सीलबंद करने की कार्यवाही अभियान चलाकर की गई। दुकान नंबर 25 फाफाडीह परिसर में सीलबंद की कार्यवाही प्रारंभ करने के दौरान संबंधित बकायेदार ने 65137 रू. के बकाये की स्थल पर अदायगी तत्काल कर दी एवं स्वयं को सीलबंद की कार्यवाही से सुरक्षित रखा। आज नगर निगम जोन 2 राजस्व बाजार विभाग द्वारा अभियान पूर्वक अन्य स्थानो पर 100395 रू. का राजस्व वसूल किया गया। इस प्रकार दिन भर के अभियान में जोन 2 ने 165532 रू. का राजस्व वसूल किया । बकाया राजस्व वसूली अभियान निरंतर प्रतिदिन जारी रहेगा। नगर निगम राजस्व एवं बाजार विभाग द्वारा पुनः एक बार सभी बकायेदारो से तत्काल अपनी सम्पूर्ण बकाया राषि का नगर निगम को भुगतान करने एवं कार्यवाही की असुविधा से सुरक्षित रहने की अपील की है। अन्यथा की स्थिति में बकायेदारो पर कार्यवाही बकाया न देने पर संबंधित संस्थानो में सील बंदी कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



# विधानसभा सत्र समाप्त होते ही यातायात पुलिस आई एक्शन मोड में

### एक ही दिन में 700 से अधिक वाहनों पर एमव्ही एक्ट की अलग-अलग धाराओं में कार्रवाई

### शराब पीकर गाड़ी चलाते पाये गये 25 वाहनों को किया गया जप्त

**रायपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा शहर से गुजरने वाले रिंग रोड में दुर्घटनाओं की रोकथाम एवम् सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था संचालन हेतु यातायात को बातचीत कर खतरनाक ढंग से नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के विरुद्ध अभियान कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर श्री सचिंद्र कुमार चौबे के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर श्री गुरजीत सिंह, श्री सुशांतो बनर्जी एवं श्री करण कुमार ऊके के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा हर शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नंबर 1 व रिंग रोड नंबर 2 में नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत 09 ऑटो एवम् 03 ट्रक कुल 12 वाहनों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 283 के तहत सख्त कार्रवाई किया गया।

बता दे कि विधानसभा सत्र समाप्त होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों के उल्लंघन करता वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के पालन में यातायात पुलिस रायपुर विगत दो सप्ताह से शहर से गुजरने वाले रिंग रोड नंबर एक एवं दो में बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान कार्यवाही चला रही है। आज दिनांक को भी बिना हेलमट दो पहिया वाहन चलाने वाले 284 और बिना सीट बेल्ट चार पहिया चलाने वाले 156 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार शहर के भीतर प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों में नो पार्किंग में वहां खड़ी कर सवारी उतरने चढ़ने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध भी विशेष अभियान करवाई चलाया गया जिसमें 75 से अधिक ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध नो पार्किंग के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार ब्लैक फिल्म, मॉडिफाई सायलेंसर आदि पर 50 से अधिक कार्यवाही किया गया। उल्लेखनीय है कि शहर में दिनभर में 25 वाहन चालकों को शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया जिनकी गाड़ी जप्त कर ली गई है और उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहाँ पर प्रत्येक मामले में ? 10000=00 का जुर्माना होगा ।






# सीईओ जिला पंचायत ने ली कृषि विभाग के संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक

### विभागीय योजनाओं से वनग्राम एवं विशेष जनजाति को लाभान्वित करने के निर्देश

**मोहला ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने कृषि एवं कृषि के अनुशांगिक व्यवसायों से संबंधित विभागों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप वनग्राम एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को कृषि के क्षेत्र में जागरूक व प्रोत्साहित करने हेतु शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके लिए जिले के कृषि एवं कृषि से संबंधित सभी विभाग पहल करें और अपनी विभागीय योजनाओं से इन्हें लाभान्वित करें। बैठक में सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जिले में संचालित शासकीय एंव निजी कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा कृषि कार्य अनुभव कार्य किया जाता है, जिसे दूरस्थ अंचल के किसानों के मध्य कृषि तकनीकी प्रसार करते हुए संपन्न कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र को कृषि एवं संबंद्ध विभागों द्वारा चयनित सभी विकासखंड के 5-5 ग्रामों का चयन कर आवश्यक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही वनग्राम को उत्कृष्ट बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने कहा गया। कृषि विभाग के अधिकारियों को विभाग द्वारा संचालित एनएमएसए योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य अनुसार समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कृषि और उद्यानिकी विभाग को फसल परिवर्तन हेतु कार्ययोजना बनाने एवं 5 गांवों का चयन कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। सामान्य धान के बदले अधिक मुनाफा वाले सुगंधित धान उत्पादन कराये जाने हेतु प्रोत्साहित कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। कृषक उत्पादक समूहों को कृषि उत्पादों के विक्रय हेतु मार्केटिंग की व्यवस्था एवं आगामी भविष्य में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी आगामी 10 तारीख तक प्रस्तुत करने कहा गया। जिले के बीज प्रक्रिया केन्द्रों को कृषकों के मांग अनुरूप बीज तैयार करने के निर्देश तथा उत्पादित बीजों के विक्रय हेतु बाजार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये।

एग्रो फारेस्ट्री योजना के तहत् सभी विकासखंडों के कमार और वनग्रामों के 5-5 ग्रामों का चयन कर कार्यसंपादित करने के निर्देश उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिये गये। पीव्हीजीटी बसाहट में पोषण बाड़ी कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया। मछलीपालन विभाग को नगरी विकासखंड के पपर्रीभर्री के मछलीपालन के इच्छुक पीव्हीजीटी किसान का सर्वे कर जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। पशुपालन विभाग को सभी विकासखंड के चयनित 5-5 ग्रामों को उत्कृष्ट ग्राम बनाबने हेतु कमार और वनग्राम एवं अन्य ग्रामों में शामिल करते हुए पशुओं के नस्ल सुधार, टीकाकरण , मुर्गीपालन, बकरीपालन सहित अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने कहा गया। सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक संपन्न

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न वर्गो को शामिल करने के निर्देश

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा निर्वाचन में आप सभी ने अच्छा कार्य किया है, जिसके कारण धमतरी जिला मतदान के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अव्वल नंबर पर रहा है। इसी परिपाटी को जारी रखते हुए हम सभी को मिलकर कार्य करना है और इस बार भी जिले के पहले स्थान पर लाना है। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा आगामी दिनों में की जाने वाली मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों की बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने विभागीय कार्यों के दौरान निरंतर स्वीप गतिविधियां को शामिल करे।

## जिले में 3 मार्च को पिलायी जायेगी पल्स पोलियो वैक्सीन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में रायगढ़ जिले के शून्य से 05 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। अभियान में पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियों में जूट गयी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी है, वैक्सीन एवं आई.ई.सी.सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र, मेला बाजार, ईट भट्ठों, मलीन बस्तियों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं विभिन्न आद्यौगिक क्षेत्रों में पोलियों की खुराक पिलाने के लिए मोबाईल टीम का गठन किया गया है।

## टीबी मुक्त पंचायत के लिए की गई अपील

**कांकेर ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सीईओ सुश्री हर्शलता वर्मा द्वारा टी.बी. मुक्त पंचायत एवं विकासखण्ड दुर्गुकोंदल को 2025 तक टी.बी. मुक्त किये जाने हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही टीबी रोग के लक्षण आए, तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपनी बलगम की जांच कराएं। साथ ही टीबी मरीजों को 06 माह तक गोद लेने के लिए भी सभी समाजसेवी संस्था, जनप्रतिनिधि एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से अपील की गई। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री दीपक राजपूत, टी.बी. सुपरवाईजर श्री राजीव गावड़े, पिरामल स्वास्थ्य से श्री रावेन्द्र अवस्थी, श्री रूपेन्द्र देवदास एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को दिया गया उद्यमिता का प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 19 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंकों द्वारा स्वीकृत प्रकरणों के लाभार्थियों का प्रशिक्षण जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में रखा गया। इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को व्यवसाय, व्यापार एवं उद्योग को सफलतापूर्वक संचालन करने प्रभावी संचार कौशल, मार्केटिंग मैनेजमेंट, उद्यमशीलता की क्षमताओं को विकसित करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत उपस्थित लाभार्थियों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## कनिष्ठ अभियंता व सहायक अभियंता परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स) एवं सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) पदों पर भर्ती परीक्षा 03 मार्च 2024 दिन रविवार को दो पालियो में क्रमशः पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तथा अपरान्ह 02 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी श्री पी. एल. मिरेन्द्र, व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला कुदुरमाल श्री टी. डी. टोण्डे तथा एपीसी समग्र शिक्षा कोरबा श्रीमती ओमेश्वरी नायक को प्रथम एवं द्वितीय पाली हेतु के लिए उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

अपर कलेक्टर द्वारा उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी उपस्थिति परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व कलेक्टर कार्यालय कोरबा में नोडल अधिकारी/सहा. नोडल अधिकारी कोरबा को अनिवार्य रूप से देने व ब्रिफिंग 02 मार्च को प्रातः 11 बजे समन्वयक केंद्र पी.जी. कॉलेज कोरबा में उपस्थित होना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक या परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा दिवस को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक के लिए लगाई गई है। जिसके अंतर्गत डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री उमेश कुमार चिकनजुरी जिला कार्यालय कोरबा तथा भृत्य श्री नरेश यादव जिला कार्यालय कोरबा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 4 मार्च को

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 04 मार्च 2024 को किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में रिलेशनशिप मैनेजर के आईसीआईसीआई बैंक में 30 व एचडीएफसी बैंक में 10 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक वांछनीय है। इसके साथ ही पेट्रो रसायन अभियांत्रिकीय संस्थान (सिपेट) रायपुर अंतर्गत मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर-इजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक एक्सट्रूशन, मशीन ऑपरेटर-ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर-टूल रूम व मशीन ऑपरेटर-प्रोग्रामर सीएनसी मिलिंग के पदों पर 06 माह अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 04 मार्च को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त का किया गया हस्तांतरण

**कोरबा।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया। जिसमें कोरबा जिले के 73 हजार 642 किसान लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रागंण में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन व 16वीं किश्त का हस्तांतरण वीडियो प्रसारण के माध्यम से किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. एस.के. उपाध्याय द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच लखनपुर श्री जगदीश प्रसाद नागवंशी जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस.एल. स्वामी, पूर्व अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोरबा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी सम्पन्न

### 50 हाईस्कूल एवं 31 हायर सेकंडरी स्कूलों के 324 बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

### प्रतियोगिता में हायर सेकेण्डरी स्कुल बालुद तथा हाई स्कुल बालपेट को मिला प्रथम स्थान



**दंतेवाड़ा ।** आज दंतेवाड़ा जिले में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन इंदौर स्टेडियम दंतेवाड़ा में आयोजित हुआ। ज्ञात हो कि देश के महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन के जन्मदिवस के अवसर पर हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों को प्रोत्साहित होने के साथ ही उनके वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। वहीं उन्हें इस दिशा में नये आविष्कार और शोध करने की प्रेरणा मिलती है। इस क्रम में इंडोर स्टेडियम दंतेवाड़ा में जिला प्रशासन एवं आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड किरन्दुल के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के आयोजन पर नगर पालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा श्रीमती पायल गुप्ता ने स्कूली बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के तकनीक पर आधारित उत्कृष्ट मॉडल प्रदर्शनी के आयोजन से एक-दूसरे के मध्य सीखने-समझने का अवसर प्राप्त होने के साथ-साथ नवीनतम सोच को बढ़ावा मिलता है। इसके लिए स्कूली छात्र-छात्राएं अपने आसपास के परिवेश तथा प्राकृतिक बदलाव के बारे में भी जानने का प्रयास करें और जिस विषय के बारे में रूचि हो उसके संबंध में कुछ अच्छा करने की कोशिश करें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूली बच्चों के द्वारा प्रदर्शित विभिन्न मॉडल और प्रादर्शों का तन्मयता के साथ अवलोकन किया तथा जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के 50 हाईस्कूल एवं 31 हायर सेकंडरी स्कूलों के 324 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी तकनीक पर विभिन्न मॉडल तथा प्रादर्श प्रदर्शित किया था। जिसके तहत मॉडल प्रदर्शनी स्वास्थ्य, जीवन पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, संचार और परिवहन तथा कंप्यूटेशनल सोच पर आधारित मॉडल इत्यादि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया।इस जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्कुल बालुद के बच्चों ने प्रथम स्थान, शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कुल गीदम के बच्चों ने द्वितीय स्थान तथा शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कुल जावंगा के बच्चों ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार हाई स्कूल वर्ग में दंतेवाड़ा को प्रथम, पो.के. मेण्डोली दंतेवाड़ा को द्वितीय स्थान तथा हाई स्कूल गदापाल को तृतीय स्थान मिला। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम, जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा श्री जयदयाल नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजकुमार कठौते, डीएमसी श्री श्यामलाल सोरी, सहायक संचालक श्रीमती आलिया ठाकुर, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य अधिकारी और आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड किरन्दुल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जिले के स्कूली शिक्षक-शिक्षिकायें तथा छात्र-छात्रायें और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सूरजपुर जिला अस्पताल बने बेहतर अस्पताल : कलेक्टर

### अधिकारीगण किसी भी आवेदन का निरस्त होने का कारण आवेदक को बताएं - कलेक्टर

### कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों का समय सीमा की बैठक लिया। बैठक में कलेक्टर श्री साहू ने सर्वप्रथम जिले के अधिकारियों से परिचय लिया। श्री साहू ने ऐसे अधिकारियों, जो जिले के प्रभार पर हैं या मातृ जिला रायगढ़ या बलौदाबाजार भाटापारा दोनों के प्रभारी हैं, को पुनः परिचय और विभागीय सेटअप के संबंध में जानकारी लिया। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के राज्य स्तर में स्थिति, विभागीय कार्यों और उनके प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। श्री साहू ने सभी अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्रकार के प्राप्त आवेदन या शिकायत निरस्त करने के पूर्व उस आवेदक को निरस्त करने की सूचना और निरस्त करने के कारण, नियम आदि का उल्लेख करें साथ ही उसका निराकरण कैसे होगा, उसकी भी जानकारी उपलब्ध कराएं। श्री साहू ने सीएमएचओ डॉ. एफआर.निराला से स्वास्थ्य विभाग के बारे में जानकारी लिया। कलेक्टर श्री साहू ने सभी राजस्व अधिकारियों को सरकारी भूमि का शीघ्र सीमांकन करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री साहू ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बृजेन्द्र ठाकुर से महतारी वंदन योजना से प्राप्त रिपोर्ट के संबंध में जानकारी लिया। कलेक्टर श्री साहू ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि वे अपने से संबंधित पटवारियों से ऑनलाइन रिकार्ड और पटवारी के दस्तावेज (फिजिकल) दोनों का मिलान करके रिपोर्ट दें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर बी.एक्का सहित जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

**भारतीय सेना में सेवा देने के इच्छुक युवाओ के लिए खुला अवसर**

बैठक में जिला रोजगार अधिकारी के जानकारी दिया कि अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है, जिसका ऑनलाइन फॉर्म भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन 8 वीं एवं 10वीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और हवलदार एस.ए.सी. के पदों के लिए जारी की गई है।

## अमानक खाद्य पदार्थों की हुई जांच

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आज खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए बचेली स्थित फर्म जायसवाल डेली नीड्स प्रतिष्ठान के यहां खाद्य पदार्थ ''बोन्जेला अंजीर ड्राई फ्रूट बर्फी'' (300 ग्राम) का मानक स्तरों की जांच हेतु सेंपल लिया गया। उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कार्यालय रायपुर को जांच हेतु भेजा गया था। ज्ञात हो कि खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम-2006 के खाद्य सुरक्षा व मानक पैकेजिंग एवं लेबलिंग) विनियम 2011 के अंतर्गत पैकिंग तिथि, लॉट, कोड, बैच लेबल पर दिया जाना अनिवार्य है परन्तु उक्त लिए गये खाद्य पदार्थ में नमूने के पैकिंग तिथि एवं बैच नंबर अंकित नही पाये गये। जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 52 अंतर्गत दण्डनीय है। इस प्रकरण के तहत संलग्न दस्तावेजों एवं लिखित जवाब, तर्क का भी निरीक्षण किया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी द्वारा प्रश्नाधीन बोन्जेला अंजीर ड्राई फ्रूट बर्फी के अवमानक पाये जाने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये गये। अतः प्रतिष्ठान संचालक को आरोपी मानते हुए तथा भविष्य के लिए चेतावनी के साथ प्रथम अपराध को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्गत धारा 26(1). 26(2)(11), 27(1) सहपठित धारा 51 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत रूपये 5,000 (रूपये पांच हजार मात्र) अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## सूरजपुर जिला अस्पताल बने बेहतर अस्पताल : कलेक्टर

**रायगढ़,** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयुष दीप समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में संचालित संस्था एवं कार्यों की जानकारी ली। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि जिले में संचालित आयुष विभाग अंतर्गत जिले में 85 संस्था संचालित है। जिसमें से 69 संस्था रायगढ़ में तथा 16 संस्था सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संचालित है। इस दौरान उन्होंने आयुष में स्वीकृत पदों एवं रिक्त पदों की भी जानकारी दी। उन्होंने विभाग में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप, स्वयं के भवनों में संचालित, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में उन्नयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किए गए ।

## सूरजपुर जिला अस्पताल बने बेहतर अस्पताल : कलेक्टर

**दंतेवाडा,** छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 10 मार्च 2024 को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश वारियाल ने इस संबंध में बताया कि सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट ष्द्दह्यद्यह्यड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपलोड की गई है, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउन लोड कर प्रिंट प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही 17 फरवरी 2024 को अनुवादक एवं वाहन चालक के पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के भी परिणाम घोषित करते हुए मेरिट लिस्ट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## सहायिका पद के लिए 20 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 48 नगर पालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 20 मार्च 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

## सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पद के लिए लिखित परीक्षा 10 मार्च को

**रायगढ़ ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सेवा एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक/कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट www.cgslsa.gov.in पर अपलोड की गई है, जहां से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न

### सभी पंजीकृत किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाएं - कलेक्टर



**महासमुंद ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज अपराह्न समय सीमा की बैठक लिए। बैठक में उन्हांने पीएम किसान सम्मान योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य में बेचे गए समस्त पंजीकृत किसानों को अनिवार्य पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने धान बेचा है, उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि से अनिवार्यतः जोड़े और उनका ईकेवाईसी भी पूर्ण करें। इसके लिए कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति और वन पट्टाधिकार प्राप्त किसानों को भी इस योजना से जोड़े। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण के संबंध में शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा जारी एप्प के माध्यम से पंजीयन करे तथा रोजगार सहायकों का विशेष सहयोग लें। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दर्ज अतिक्रमण प्रकरण में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के संबंध में प्राथमिकता के साथ करें। साथ ही कहा कि हर विकासखण्ड मुख्यालय में दो प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किए जाएं। आगामी मार्च को देखते हुए विभागों को जारी आबंटन के अनुरूप बजट की राशि को नियमानुसार खर्च करने के निर्देश दिए हैं।

## आबकारी अमले को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** न्यायालय के नवीन निर्णयों और नवीन न्यायिक सुधारों के संबंध में एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रकरणों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक अभियोजन और पुलिस विभाग के सहयोग से आबकारी विभाग के कार्यपालिक स्टॉफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में उप संचालक अभियोजन श्री वेदप्रकाश पटेल एवं एडीपीओ श्री अंकित होरा द्वारा सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

संपादकीय

## बंगाल में संदेशखाली में अत्याचार की सजा देना आवश्यक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त बिहार, झारखंड और बंगाल के तूफानी चुनावी दौरे पर हैं। बंगाल में मोदी ने संदेशखाली की महिलाओं पर अत्याचार और भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाया है। बंगाल के आरामबाग में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ÷संदेशखाली की माओं-बहनों के साथ जो कुछ हुआ, उससे पूरा देश शर्मसार है।÷ शनिवार को बंगाल के कृष्णनगर की रैली में मोदी ने कहा कि तृणमूल के नेताओं ने ÷स्कीम को स्कैम÷ का रूप देने में महारत हासिल कर ली है। मोदी को एक बात के लिए दाद देनी होगी। गुरुवार की रात को बीजेपी के मुख्यालय में साढ़े 3 बजे तक उम्मीदवारों की सूची को अंति रूप देने के बाद मोदी घर लौटे, और अगले दिन सुबह झारखंड और फिर बंगाल पहुंच गए। शुक्रवार को मोदी ने कोलकाता के राज भवन में रात बितायी और अगले दिन कृष्णनगर के बाद बिहार में औरंगाबाद, पटना और बेगूसराय की तरफ रवाना हो गए। आरामबाग की रैली में मोदी ने ममता बनर्जी पर तीखे हमले किए। सबसे पहले संदेशखाली का मुद्दा उठाया और सवाल किया कि आखिर 56 दिन एक अपराधी बगैर राजनीतिक संरक्षण के कैसे पुलिस के शिकंजे से दूर रह सकता है। मोदी ने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं ने अपने ऊपर हुए जुल्म की दास्तां रो-रोकर सुनाई लेकिन ममता बनर्जी का दिल नहीं पसीजा। वह जुल्म करने वाले गुंडे को, गरीबों की जमीनों पर कब्जा करने वाले अपने नेता को बचाती रहीं। मोदी ने संदेशखाली के मामले में इंडी अलायंस के सहयोगी दलों की चुप्पी पर सवाल उठाया।



## शब्द तेरे,छंद तेरे,कविता तेरी।

हवाएँ तेरी,शहर तेरा,मंजिल तेरी,
पल ठहर जायेंगे,मर्जी होगी तेरी,

शब्द तेरे,छंद तेरे,कविता तेरी,
गुनगुनायेँगे हम,हामी होगी तेरीद्य

आसमान तेरा,रंग तेरे,परिंदे तेरे,
उकेरेंगे आकृति, मर्जी होगी तेरी.

भाव तेरा, मन तेरा, भावनाएं तेरी,
रच लेंगे पंक्तिया, होगी लेखनी तेरी।

कलिया तेरी,पुष्प तेरे,उपवन तेरा,
हाथों में सजा देंगे, होगी मेहंदी तेरी।

कुह कुह तेरी,चह चहाहट तेरी,
खूब चहकेंगे,होगी चांदनी तेरी।

झरने तेरे,नदियां तेरी,सागर तेरे,
पी लेंगे नीर,नदिया होगी
तेरी।

पगडण्डी तेरी,सड़के भी तेरी,
तय करेंगे सफर,होगी गलियां तेरी।

पवन तेरा,गगन तेरा,आकाश तेरा,
उड़ जायेंगे, होंगी मेहरबानी तेरी।

सुर तेरा ,ताल तेरा,शहनाई तेरी,
आवाज देगे, पुकार होगी तेरी।

- **संजीव् ठाकुर,**



# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुर्माना निश्चित होना चाहिए। यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

**यह निजी विचार है।**

# विलुप्त होने से पहले हमें बचा लो!

जब हम वन्यजीव या वाइल्ड लाइफशब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता भालू जैसे बड़े जंगल जानवरों का ख्याल आता है7 दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्यों द्वारा पालतू ना बनाया गया हो. वन्यजीवों में ना केवल जानवर बल्कि वो सभी पेड़ पौधे, कीड़े मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते है जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्यों के दखल के रहते हैं। ये वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते है. ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं क्यूंकि पृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्रों यानी इकोसिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घासभूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी ख़तरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इन वन्यजीवों का संरक्षण बेहद अहम् हो जाता है। इसीलिए इस हेतु विश्व की बहुत सारी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाए निरंतर प्रयासरत हैं। जो सभी अलग-अलग स्तर पर अपने-अपने ढंग से वन्यजीवों को ना केवल संरक्षित कर रही हैं बल्कि अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो में इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैला रही है।


ऐसे ही एक प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 20 दिसंबर 2013 को हुए 68वें सेशन में हर साल 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की। 3 मार्च की तिथि इसलिए निर्धारित किया गया ताकि इसी दिन 1973 में आईयूसीएन यानी इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ़नेचर अर्थात प्रकृति संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के 80 सदस्यों द्वारा सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।

साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीव दिवस अब वन्यजीवों को समर्पित वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है जिसे हर साल 3 मार्च को मनाया जाने लगा। इसमें हर साल वन्यजीव से जुड़े किसी नए विषय या थीम के अंतर्गत मनाया जाता है। इस साल 2024 में इसका विषय है ÷लोगों और ग्रह को जोड़नाः वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज÷ इस वर्ष का पूरा एजेंडा इस बात पर केंद्रित रहेगा की कैसे डिजिटल नवाचार और तकनीकों की मदद से हम संरक्षण का काम कर सकते हैं और कैसे मनुष्य और वन्यजीवों के सहअस्तित्व का निर्धारण कर सकते हैं।









विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरो और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बहुत से प्रयास किये जा रहे हैं7 जिसके तहत 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया7 नेशनल पार्क, वन्यजीव अभ्यारण, टाइगर रिज़र्व, हाथी रिज़र्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किये गए7 समय समय पर इनकी गणना भी की जाती है7 इनकी संख्या बढ़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि चलाये जा रहे हैं7 वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्यों से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैविक विविधताओं के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियाँ कम हैं, तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं ना कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरुरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं7 इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है7

हर जगह लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएँ, आवास और कपडे तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारति संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए, ये जरुरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हों और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों।

निश्चित ही इस दिशा में वैसे तो बहुत से काम किये जा रहे है परन्तु पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। जरुरत यह भी कि हम वन्यजीवों के महत्व को समझें, उनका होना एक वरदान समझ कर उनके होने का जश्न मनाएं और उनके संरक्षण की बात को केवल कागजी बात ना मान कर उसे अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें और दुनिया भर की सरकारी. गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा किये हुए प्रयासों को सफल बनाने में हम भी अपनी एक सक्रिय भूमिका निभाएं।

**-आयुषी दवे**
(लेखिका इलेक्ट्रॉनिक-कम्युनिकेशंस में इंजीनियर है)

# अमेरिका में भारतीयों पर बढ़ते हमलों से स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की साख पर सवाल उठ रहा है

मौके बेमौके दुनिया को मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और समानता का पाठ पढ़ाने वाले अमेरिका की स्थिति 'औरों को नसीहत खुद मीयां फजीहत' वाली बनी हुई है। कारण है कि वहां पर दूसरे देशों से आए नागरिकों पर नस्लीय हमले बढ़ते जा रहे हैं और इसकी बहुत बड़ी संख्या में शिकार भारतीय बन रहे हैं। अपनी मेधा-परिश्रम के बूते अमेरिका में विशिष्ट जगह बनाते भारतीय युवा उन नस्लीय अमेरिकी युवाओं की आंख की किरकिरी बने हुए हैं जिन्हें लगता है कि भारतीय उनकी जगह ले रहे हैं। दरअसल, इस सोच को दक्षिणपन्थी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हवा दी। इसी साल फरवरी के पहले सप्ताह शिकागो में एक भारतीय युवा को अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया। इससे पहले एमबीए की डिग्री लेने करने वाले विवेक सैनी की लिथोनिया में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इण्डियाना में समीर कामत कुछ दिन पहले मृत पाए गए। एक अन्य छात्र नील आचार्य लापता हुए, बाद में उनकी मृत्यु हो गई। वहीं एक युवा अकुल धवन, जो इलिनोइस विश्वविद्यालय का छात्र था, जनवरी में मृत पाया गया। इसी तरह श्रेयस रेड्डी की मौत की खबर भी कुछ सप्ताह पूर्व आई। निश्चय ही ये घटनाएं अमेरिका जैसे उस देश के लिए शर्मनाक हैं जो अपने आप को दुनिया का आदर्श लोकतांत्रिक देश होने का दावा करता है। ये घटनाएं स्टैच्यू आफलिबर्टी की साख पर भी सवाल उठाने का काम कर रही हैं।

भोगवादी संस्कृति में पले अमेरिकी युवाओं को परिश्रमी व मेधावी भारतीयों की सफलता हजम नहीं हो रही। आज भारतीय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अहम योदान दे रहे हैं। दरअसल, अमेरिका में बेरोजगारी काफी है और स्थानीय छात्र भारतीयों का मुकाबला नहीं कर पा रहे और वे स्पर्धा की बजाय हिंसाचार से खुन्नस निकालने का प्रयास करते हैं। वे स्वयं को यहां का मूलनिवासी बता कर अपनी दुर्दशा के लिए मेधावी भारतीयों को जिम्मेवार मानते हैं। रोजगार के अवसरों की कमी के चलते उत्पन्न असन्तोष के कारण बड़ी संख्या में अमेरिकी नशे और अपराध की दुनिया में उतर रहे हैं। यह दुखद ही है कि पिछले एक साल में अमेरिका में रह रहे पांच सौ बीस भारतीय मूल के लोगों के साथ नस्लीय हिंसा की घटनाएं हुई हैं जो विगत साल के मुकाबले में चालीस प्रतिशत अधिक है। हिंसा की चपेट में केवल छात्र ही नहीं बल्कि वहां नौकरी कर रहे और वहां बस चुके लोग भी शामिल हैं।

अतीत में जाएं तो पता चलेगा कि भारतीयों का अमेरिकी प्रवास काफी पुराना है। साल 1900 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में दो हजार से अधिक भारतीय थे, मुख्यतः कैलिफोर्निया में। आज, भारतीय अमेरिकी संयुक्त राज्य अमेरिका में दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समूह हैं। जनगणना ब्यूरो द्वारा संचालित 2018 अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के 4.2 मिलियन लोग हैं। जैसे-जैसे भारतीय अमेरिकी समुदाय की प्रोफाइल बढ़ी है, वैसे ही इसका आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव भी बढ़ा है।

वहां की हर पार्टी की सरकारों में भारतीयों की संख्या काफी सराहनीय रही है। ट्वीटर (एक्स) के सीईओ पराग अग्रवाल रहे तो गूगल के सीईओ सुन्दर पिचाई हैं जिनकी वार्षिक आय 242 मिलियन डॉलर है। पिचाई 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। आज गूगल क्रोम सबसे पॉपुलर इंटरनेट ब्राउजर है और इसका श्रेय पिचाई को ही जाता है। इसके साथ ही गूगल हर सर्च से करीब हर मिनट 2 करोड़ रुपये की कमाई करता है। सत्या नडेला वर्ष 2014 में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बने थे। वर्तमान में कम्पनी का बाजार पूंजीकरण करीब 2.53 खरब डॉलर है। नडेला की आय 23 लाख डॉलर पहुँच गई। नडेला को ग्लोबल इंडियन बिजनेस आइकॉन का सम्मान भी मिल चुका है। भारतीय मूल के अरविन्द कृष्णा 2020 से अमेरिका की बड़ी कम्पनी इण्टरनेशनल बिजनेस मशींस के सीईओ हैं। इस कम्पनी की बाजार पूंजीकरण 8 लाख करोड़ रुपए से ऊपर है। भारतीय मूल के शान्तनु नारायण 2007 से एडॉब इंक के सीईओ हैं। इसके अलावा अमेरिका की प्रमुख फूड और बेवरेज कम्पनी पेप्सीको में इन्दिरा नूई लगभग 12 साल तक सीईओ बनी रहीं। नूई के 12 साल के कार्यकाल में पेप्सिको की आय में 80 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। वर्तमान में भारतीय मूल के जो लोग अमेरिकी टेक कम्पनियों को सम्भाल रहे हैं उनकी कुल बाजार सम्पदा लगभग 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। माइक्रोसॉफ्ट के 34 प्रतिशत कर्मी भारतीय मूल के लोग हैं।

अमेरिका के वैज्ञानिकों में भी 12 प्रतिशत भारतीय हैं और नासा के तो 36 प्रतिशत वैज्ञानिक भारतीय मूल के हैं। भारतीयों की भूमिका अमेरिका के विकास में गिनाने बैठें तो शायद ये चर्चा कभी खत्म न हो। **यह निजी विचार है।**

## खास - खबर

### निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियो को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने हेतु निर्देश पत्र जारी किये है। कलेक्टर दुर्ग के परिपत्र 1029 के परिपालन में आयुक्त ने जारी निर्देश मे कहा है कि निगम अधिकारी कर्मचारियो को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य होगा। यातायात नियमो का अंदेखा करने वालो पर पुलिस द्वारा कि जाने वाली कार्रवाई के अलावा विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी किया जावेगा।

### हितग्राही अपने बैंक खाते में जल्द करावें डीबीटी

**भिलाई।** महतारी वंदन योजना का लाभ हितग्राही को DBT (Direct Benifit Transfer) के माध्यम से भुगतान किया जाना है। इस हेतु हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे राशि हस्तांतरण प्रणाली से जुडा होना आवश्यक है। हितग्राहियो को अपने संबंधित बैंक शाखा में DBT ENABLE FORM भरकर प्रक्रिया पुरी करानी होगी। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत लगभग 19000 आवेदिकाओ के बैंक खाते सीधे राशि हस्तांतरण सुविधा (DBT ENABLE ) जुडे नही है। जिसकी सूची निकट के आंगनबाड़ी केन्द्र में उपलब्ध कराया गया है । जहाँ हितग्राही संपर्क कर जानकारी ले सकते है। संबंधित हितग्राहियो को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टेलीफोन के माध्यम से सूचित भी किया जा रहा है।

### मेन्टनेस कार्य के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक फिल्टर प्लांट की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर दुर्ग के छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल द्वारा दिनांक- 01 मार्च दिन, शुकवार को मेन्टनेस का कार्य किया जा रहा है।एव उक्त दिनांक को सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक फिल्टर प्लांट की विद्युत सप्लाई बंद रखा जा रहा है,जिसके कारण फिल्टर प्लांट बंद रहेगा।अतएव पूरे शहर की पानी टंकी भरा नहीं जा सकेगा।इस हेतु दिनांक- 01 मार्च 2024 को सुबह जलप्रदाय किया जावेगा एवं शाम को जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। एवं दूसरे दिवस वाटर सप्लाई समय रूप से जारी रहेगी।

### चुनाव की तैयारी लेकर बैठक कल

**भिलाई ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर के द्वारा 2 मार्च को सुपेला नेहरू भवन में शाम 6:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर पूर्व राज्य मंत्री बीडी कुरैशी पूर्व सा डा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह एवं जिले के कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप ने जानकारी दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में ब्लॉक के बूथ के सभी अध्यक्ष जोन अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन शामिल होंगे इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनों के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव जीतने का टिप्स देने की बात उन्होंने कही जैसा की हर बार की तरह इस बार भी वैशाली नगर विधानसभा में कांग्रेस के कार्यकर्ता गण मजबूती के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जीत दिलाने कार्य करेंगे।

# भिलाई की बेटी सौम्या की खुदकुशी मामले की होगी उच्च स्तरीय जांच, शून्य काल में विधायक रिकेश ने की मांग

भिलाई । भिलाई की बेटी की उसके ससुराल बसना में दहेज हत्या किए जाने का मामला विधानसभा के द्वितीय सत्र में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शून्यकाल में उठाया। इस मामले छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने तत्काल कड़ाई से जांच के आदेश दिए हैं। पहले पुलिस की ओर से मामले को दबाने के लिए इसे आत्महत्या बताया जा रहा था लेकिन मृतका के 9 साल के बेटे का एक विडियो सामने आने के बाद विधायक रिकेश सेन ने मामले में हस्तक्षेप कर इसे दहेज हत्या बताया था।



दो माह पूर्व दिसंबर की इस घटना में पुलिस ने धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए दुष्प्रेणन का अपराध दर्ज किया था। मृतका ने एक विडियो भी बनाया था जिसमें साफ़ बताया गया था कि किस तरह उसे प्रताड़ना मिलती रही है। विधायक रिकेश की पहल पर पुलिस ने आरोपी पति व सास ससुर सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया था। मृतका का भिलाई में 9 दिसम्बर को अंतिम संस्कार किया गया था। विधानसभा में ध्यानाकर्षण के बाद अब मामले की जांच होने से अनेक पहलुओं का खुलासा होगा तथा दहेज हत्या के तहत धाराएं बढ़ने की संभावना है।

#### दिसंबर 2013 में हुई थी सौम्या की शादी

इस घटना के बाद वैशाली नगर भिलाई के गौरव वर्मा ने बताया था कि उसकी बहन सौम्या सलूजा की शादी दिसंबर 2013 में पूरे रीति रिवाज से बसना निवासी गौरव सलूजा पिता रंजीत सलूजा के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने हैसियत के मुताबिक 15 तोला सोना, ढाई लाख रुपए नगद व दहेज का पूरा सामान दिया था लेकिन उसके पति सहित सास ससुर व ननद उसे कम दहेज लाने की बात को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। हद तो तब हो गई जब उन्होंने 25 लाख रुपए की डिमांड को लेकर बहन को बुरी तरह मारा। जब बहन ने अपना दर्द पिता को बताया तो पिता ने दामाद गौरव सलूजा के अकाउंट में 10 लाख रुपए डाले। इतना करने के बाद भी उनकी प्रताड़ना कम नहीं हुई। इस दौरान 2014 में उसकी बहन को एक बेटा हुआ। इसके बाद गौरव का दूसरी महिला से अवैध संबंध के बारे में बहन को पता चला। जब उसने विरोध किया तो वो उसे और प्रताड़ित करने लगा। इसके बाद सौम्या ने कीटनाशक पीकर खुदकुशी करने की कोशिश भी की थी लेकिन ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना बंद नहीं किया। वर्ष 2017 में दूसरा बेटा होने के बाद गौरव ने सौम्या को जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबाया और बुरी तरह पीटा।

1 दिसंबर 2023 को उसकी बहन का फोन आया था कि ये लोग उसे मार डालेंगे। इस पर गौरव ने बसना पुलिस को फोन किया, 112 की टीम वहां पहुंची। उन्होंने देखा कि सौम्या को काफी चोटे आईं थीं। मामला किसी तरह बीच बचाव के बात शांत हुआ। इसके बाद 8 दिसंबर 2023 को गौरव ने बहन के मोबाइल का स्टेटस देखा कि उसने अपने दोनों बच्चों का नाम और मां पिता को सारी कहते हुए लिखा आई एम क्विट।

#### भाई ने लगाया था ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

गौरव ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने खुदकुशी नहीं की है। उसके बहनोई और ससुराल वालों ने मिलकर उसकी हत्या की है। गौरव का कहना है कि उसके भांजे ने अपने पापा को मां का गला दबाते हुए देखा है। सौम्या के शरीर में चोट के निशान थे। गौरव ने बसना थाने में शिकायत के बाद बहन के शव को अपने सुपुर्दगी में लिया और वैशाली नगर लेकर आए। 9 दिसम्बर को सौम्या का रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। सौम्या के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को दहेज के लालच में मारा गया है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस मामले को विधानसभा पटल पर लाने के बाद गृह मंत्रालय ने उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों और उन्हें मदद करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जांच से वास्तविकता सामने आएगी तथा पीड़ित परिवार के साथ न्याय होगा।

## विधायक गजेंद्र ने खेली क्रिकेट, कहा- बचपन याद आ गया, बच्चों की डिमांड पर दिया क्रिकेट किट

**दुर्ग।** रविशंकर स्टेडियम के पास दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव गुरुवार को बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते दिखे। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी व बल्लेबाजी में हाथ आजमाया और 12 गेंदों पर 17 रन बना दिये। अचानक विधायक को अपने बीच पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। खेल-खेल में बच्चों ने विधायक से क्रिकेट किट की मांग कर दी। विधायक बच्चों की डिमांड पर उन्हें क्रिकेट किट खरीदकर उपहार स्वरूप दिया।



इस दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों के साथ यूं क्रिकेट खेलने से उनका बचपन याद आ गया। ऐसे ही गली मोहल्ले में वे अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेला करते थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को क्रिकेट खेलते देख वे खुद को रोक नहीं पाए और खुद खेलने चले गए। थोड़ी देर के खेल में उनकी सारी थकान दूर हो गई।

खेल पूरा होने के बाद बच्चों ने क्रिकेट किट की। इस पर विधायक गजेन्द्र यादव खेल सामग्री वाली दुकान पहुंचे और बच्चों के लिए बैट, बॉल, स्टम्प सहित क्रिकेट खेल सामग्री उपलब्ध कराई। जाते जाते सभी बच्चों को विधायक ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर और सेहतमंद बने रहने के लिए कोई भी एक खेल को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

## न्यौता भोजन का आयोजन पुरई में सम्पन्न

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में सचदेवा न्यू पीटी कालेज एवं माय एफएम के सौजन्य से एक नई पहल के तहत् '' दिन बढ़ा है, दिल बड़ा कर'' कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई में किया गया। न्यौता भोजन के तहत एस.पी. जितेन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को भोजन परोसा गया तद्उपरांत साथ में भोजन भी किया। एस.पी. शुक्ला द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति हेतु संदेश



दिया गया। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव, ग्राम की सरपंच श्रीमती उमा रिंगरी, फ्लोटिंग क्लब के कोच ओम ओझा, माध्यमिक व हाई/ हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य व समस्त शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में फरवरी 2024 माह में कुल 75 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 13 कार्यपालक, 62 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 29 फरवरी 2024 को भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी द्वारा कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित



समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेषक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया।

श्री दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 75 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 29 फरवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

## रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने 20 लाख टन संचयी उत्पादन के मील के पत्थर को पार किया

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रै क्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 (आरएमपी-3) ने 24 फरवरी 2024 को 20 लाख टन संचयी उत्पादन का मील का पत्थर पार कर लिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में मॉडेक्स प्लान के तहत स्थापित एक नई और आधुनिक इकाई, आरएमपी-3 का प्राथमिक कार्य फ्लक्स का कैल्सीनेशन करना है।

इस कैल्साइंड फ्लक्स को स्टील मेल्टिंग शॉप-3 को स्टील के शुद्धिकरण के लिए आपूर्ति की जाती है। इस्पात निर्माण की दैनिक मांग को पूरा करने के लिए उचित फ्लक्स जैसे लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट की उपलब्धता आवश्यक है। ज्ञात हो कि हाल ही



में 11 फरवरी 2024 को आरएमपी-3 ने 2145 टन का अपना उच्चतम दैनिक उत्पादन हासिल कर, 31 अक्टूबर 2023 को दर्ज 2105 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार कर लिया था। उल्लेखनीय है कि आरएमपी 3 ने वर्ष 2023-24 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन 4,96,302 टन को, वर्तमान वर्ष 2023-24 के पूरा होने से दो महीने पहले ही हासिल कर लिया है।

आरएमपी-3 पांच वर्टिकल पीएफआर प्रकार के गैस-चलित किल्नस और नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है, जो इसे सबसे किफायती विकल्प बनाता है। आरएमपी-3 बिरादरी उत्पादन और संयंत्र की फ्लक्स की मांग को पूरा करने के लिए समर्पित हैं।

उल्लेखनीय है कि जहां आरएमपी-3 ने 12 जून 2018 को अपने कमीषनिंग के बाद से 47 महीनों में 10 लाख टन संचयी उत्पादन का आंकड़ा पार किया, वहीं शॉप्स ने अगले 10 लाख टन उत्पादन का आंकड़ा केवल 21 महीने में हासिल कर लिया। महाप्रबंधक प्रभारी (एलडीसीपी और आरएमपी-2 और 3) रतन मुखर्जी ने कहा कि यह उपलब्धियां संयंत्र की फ्लक्स की मांगों को पूरा करने के लिए आरएमपी-3 की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने सभी सहयोगी विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# महतारी वंदन योजना : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के खाते में आएगी राशि

भिलाई। महतारी वंदन योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी 8 मार्च को पात्र महिला हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जाएगा। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए यानी हर साल 12 हजार रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 अंतर्गत लगभग 108998 आवेदन मिले हैं।




महतारी वंदन योजना अंतर्गत अनंतिम दावा आपत्ति की समयावधि खत्म होने के बाद अब प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा है।

दावा आपत्ति का निराकरण 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन एक मार्च को होगा और स्वीकृति पत्र 2 मार्च को जारी होगा। पात्र हितग्राहियों की अनंतिम सूची जारी होने के बाद हितग्राही संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र या ग्राम पंचायत में जाकर अपने आवेदन की स्थिति और उस पर की गई कार्यवाही के बारे में जान सकते हैं। हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पत्र की स्थिति ज्ञात करने की सुविधा दी गई है। हितग्राही अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या आधार नंबर दर्ज कर अपने आवेदन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

#### महतारी वंदन योजना के लिए DBT वाला बैंक खाता कैसे चालू करें

वर्तमान में देखा गया है कि कई महिलाओं के खातों में डीबीटी एक्टिव नहीं है। इसके लिए क्या करना है यह भी हितग्राहियों को पता नहीं है। बैंक खाते में डीबीटी एक्टिव करने के लिए पहले अपनी बैंक शाखा में जाएं। उस बैंक से DBT शुरू करने वाला फॉर्म भरकर अपने बैंक पासबुक और आधार कार्ड का छायाप्रति लगाकर बैंक में जमा करना होगा। बैंक में फॉर्म को जमा करने के बाद बैंक द्वारा आपके खाते में डीबीटी एक्टिव कर दिया जाएगा।

## जिले में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने कलेक्टर चौधरी एक्शन मोड पर

**दुर्ग।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला प्रशासन, निगम प्रशासन और यातायात अधिकारी व व्यापारियां के साथ इंदिरा मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से इंदिरा मार्केट क्षेत्र के पार्किंग व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



कलेक्टर ने इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैण्ड से होते हुए मोती कॉम्पलेक्स होकर गांधी चौक से लेकर इंदिरा मार्केट पार्किंग क्षेत्र सहित स्टेशन रोड मार्केट क्षेत्र का अवलोकन किया। क्षेत्र के व्यापारियों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याएं सुनी।

चर्चा के दौरान व्यापारियों ने बताया कि मार्केट क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था एक प्रमुख समस्या है। इसके अलावा उन्होंने पानी निकासी की समस्या से भी अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें जल्द ही उनकी समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को व्यस्तम क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देश दिए। थे। पुराना बस स्टैंड स्थित पशुपालन कार्यालय के पास और सीएसपी कार्यालय क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। सड़क किनारे अवैध ठेला लगाने वालों पर जुर्माना किये जाने की बात कही। पीडब्ल्यूडी के जितने भी कार्य बचे हुए है उन्हें जल्द करवाने के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

सड़क घेरने वालां पर कार्यवाही करें, अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान दुर्ग नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, राजस्व विभाग के अधिकारीगण एवं व्यापारीगण मौजूद थे।

## सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों के विकास को लेकर उद्योग एवं श्रम मंत्री को चेंबर ने सौंपा ज्ञापन......

# चैंबर्स के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मंत्री को 11 सूत्री ज्ञापन देकर निदान की मांग की......

**जांजगीर चांपा**

जांजगीर नैला चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को जांजगीर चांपा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों को विकसित करने के संबंध में ज्ञापन सौपा गया। चेंबर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आगे बताया कि जांजगीर को जिला बने दो दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है, परंतु जांजगीर उद्योगों के मामले में अभी भी विकास की बांट जोह रहा है, क्योंकि अब उद्योगों का विकास सरकार के हाथों में है द्य जांजगीर चेम्बर की टीम पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास कर रही है। चेंबर की टीम में नीचे लिखे बिंदुओं पर ध्यान देने के लिए मंत्री लखनलाल देवांगन से मांग किया गया। इसमें नई उद्योग इकाई की स्थापना पर पूर्व में 2014-2019 तक के उद्योग स्थापना के नियमानुसार संबंधित ऋष्ा दाता बैंक के द्वारा स्टांप शुल्क पर उसकी पात्रता अवधि तक एवं उस इकाई के विस्तारित होने पर भी छूट होती थी परंतु नए औद्योगिक नियम 2019 2024 के अनुसार में यह सिर्फस्थापना के समय ही दी जाती है, उस पर संज्ञान लेकर पहले की तरह ही उस नियम को लागू कराएं। अकलतरा और बम्नीहडीह ब्लॉक विकसित ब्लॉक की श्रेणी में आते हैं, विकसित ब्लॉक की श्रेणी में आने की वजह से यहां के उद्योगों को सब्सिडी से वंचित रखा गया है।

पावर प्लांट के आने से इन ब्लॉकों को विकसित नहीं माना जाना चाहिए अन्य छुट समाप्त करने से उद्योगों पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। इसे विकसित ब्लॉक की श्रेणी से हटाया जाए या उद्योगों को छूट देने के लिए नियम या प्रावधान बनाया जाए और नए उद्योग इकाई शुरू करने पर पहले आवेदनकर्ता का साक्षात्कार करके उद्योगों की स्थापना की स्वीकृति दी जाती थी और नियमित बैठक लेकर प्रस्ताव पारित किया जाता था। बैठक की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

चैंबर्स के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में कारखाना अधिनियम एवं श्रम अधिनियम बड़े उद्योगों एवं छोटे उद्योगों दोनों पर समान रूप से लागू हैं छोटे उद्योगों को इन नियमों का पालन करते हुए संचालन करना अत्यंत कठिन होता है अतः महोदय से निवेदन है कि छोटे उद्योगों को 50 श्रमिक से कम वाले कारखाना अधिनियम एवं श्रम अधिनियम से मुक्त किया जावे ताकि छोटे उद्योग का संचालन सुचारु रुप से किया जा सके ।

उन्होंने नैला रेलवे स्टेशन के पास पहले रैक पॉइंट था जो पिछले 10-12 सालों से बंद था उसे चैंबर ने अपना प्रयासों से शुरू कराया जो कि अब वर्तमान में चल रहा है परंतु बगल में ही एक साथ कोयले का भी रैक पॉइंट एवं कोलवाशरी संचालित है जिससे रैक पॉइंट में आने वाले खाद्य सामग्री , खाद आदि खराब होने की पूरी संभावना होती है दोनों रैक पॉइंट की दूरी बढ़ा देने से और रैक पॉइंट से बनारी की ओर बाईपास सड़क मार्ग शुरू कर देने से रैक पॉइंट से व्यापारी अपना काम सुचारू रूप से कर सकते हैं द्य चैंबर्स ने 11 सूत्री मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा निदान की मांग की द्यज्ञापन देने के दौरान जांजगीर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी के साथ उनकी टीम एवं नैला चैंबर की टीम से अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष प्रमोद सिंघानिया एवं सहसचिव सुनील शर्मा मौजूद थे।



# राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 03 मार्च से होगा शुरू

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 03 मार्च से 05 मार्च 2024 चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान में जांजगीर जिले के 0 से 05 वर्ष तक के 1 लाख 53 हजार 914 बच्चों को पोलियों खुराक दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 03 मार्च को बुथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बुथ गतिविधियों में छुटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा गृह भेंट कर पोलियों की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। जिले में 922 बुथ बनाए गए जिसमें ग्रामीण स्तर में 767, शहरी स्तर में 155 तथा ट्रांजिट दल 21 एवं मोबाईल दल 10 बनाए गये हैं। जिसमें कुल 2766 वैक्सीनेटर एवं 129 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य सम्पादित करेंगे। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सभी अभिभावकों से अपील हैं कि वे अपने 05 साल तक के सभी बच्चों को 03 मार्च 2024 को पल्स पोलियों बुथ पर लाकर पोलियों वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्यक पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियों अभियान की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं आवश्यक सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरीत की जा चुकी हैं। अभियान के सफ्ल संचालन हेतु वैक्सीनेटर को प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। जिले के मेला, बाजार, ईंटा भट्ठों, मलीन बस्तियों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में पोलियों खुराक पिलाने के लिए ट्रांजिट एवं मोबाईल टीम का गठन किया गया हैं।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन

**जांजगीर चांपा** - बढ़ती मंहगाई के विरोध मे ब्लॉक कांग्रेस द्वारा साप्ताहिक बाजार में प्रदर्शन किया गया है । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर नेतृत्व में पामगढ़ मुख्यालय से लगा साप्ताहिक बाजार भदरा में बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में साप्ताहिक बाजार में आम लोगो के साथ सब्जी खरीद कर विरोध प्रदर्शन किया । केंद्र के मोदी सरकार की विफ्लताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई जैसे खाद्य पदार्थ , पेट्रोल , डीजल , एलपीजी ,सीएनजी पीएनजी की कीमतों में बेहतर हादसा वृद्धि हो रही है । आज इसी को ध्यान में रखकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ के द्वारा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में पामगढ़ ब्लॉक मुख्यालय के नजदीक भदरा के साप्ताहिक बाजार में विरोध प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दुर्गेश्वर तिवारी ,सुरेश तिवारी , राधेश्याम नोर्गे , घासीराम चौहान , कल्याण सिंह बर्मन , कोमल ब्रम्ह भट्ट , अजय दिव्य , योगेश बघेल , द्वारिका यादव , सोमनाथ टंडन( सिंकु टंडन) , निखिल दिब्य ,विक्की आदि उपस्थित रहे ।



# कृषि, रेशम, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स की संयुक्त बैठक संपन्न





## केसीसी के पात्र प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

**जांजगीर चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा पांडेय ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कृषि, उद्यानिकी, रेशम, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जिले के किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए यह जरूरी है कि पंजीकृत किसानों के खाते का आधार सीडिंग किया जाय। उन्होंने विभागीय एवं बैंकर्स को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। किसानों को किसान क्रेडिट योजना से शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि किसानों की ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग एवं पंजीयन के लिए कार्य जारी है। इस अवसर पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग एवं बैंकर्स सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में 4 मार्च से 6 मार्च तक जिला चिकित्सालय में कान संबंधित समस्या का किया जाएगा निराकरण

जांजगीर-चांपा 02 मार्च 2024/ 03 मार्च 2024 को विश्व श्रवण दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 4 मार्च से 6 मार्च तक जिला चिकित्सालय जांजगीर में कान संबंधित समस्या जैसे कान में मवाद निकलना, कान सुनाई नहीं देना, कान के अंदर सीटी की आवाज आना, अधिक उम्र के कारण सुनाई में कमी, जन्मजात सुनने और बोलने में परेशानी से संबंधित सलाह हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक चिकित्सालय मे उपलब्ध होगे। उक्त से संबंधित मरीजो को सिविल सर्जन ने अधिक से अधिक संख्या मे चिकित्सालय पहुंचकर लाभ उठाने हेतु अपील किया गया है।

## 10 वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न

**जांजगीर-चांपा**, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज आयोजित कक्षा 10 वीं के हिन्दी विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित हाई स्कूल परीक्षा 2023-24 हेतु कक्षा 10वीं की हिन्दी की परीक्षा में पंजीकृत कुल 16499 परीक्षार्थियों में से 15953 विद्यार्थी शामिल हुए। जबकि 546 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।



# पुलिस ने 102 नग गुम मोबाइल किया बरामद पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा किया गया वितरण

**जांजगीर चांपा** - गुम हुए मोबाइल को बरामद कर पुलिस ने आज पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के हाथों वितरण किया गया । ज्ञात हो कि केयर पोर्टल जो गुम मोबाईल की जानकारी हेतु भारत सरकार द्वारा लॉच किया गया है जिसके माध्यम से कुल 102 मोबाईल बरामद कर मोबाईल स्वामी को सुपुर्द किया गया । इस दौरान उपस्थित लोगो को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सायबर क्राईम एवं सायबर फ्राड से संबंधित जानकारी देते हुए इससे बचाव का उपाय एवं उसकी उपयागिता के बारे तथा महिला सुरक्षा संबंधित जानकारी दिया गया गुम/चोरी हुए मोबाईल फोन को बरामद करने के दौरान साईबर टीम द्वारा तकनीकी विष्लेशण कर वर्तमान में चला रहे मोबाईल धारक से गुम होने या चोरी की मोबाईल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर उसे सायबर सेल जांजगीर चाम्पा में जमा कराने कहने पर मोबाईल धारक द्वारा मोबाईल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। जिस पर सायबर टीम द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोबाईल धारक को तस्दीक कराकर उनसे मोबाईल फोन बरामद कर थाने में जमा कराया जाता था। उसके पश्चात् अन्य राज्यों एवं विभिन्न जिलों से मोबाईल फोन को कुरियर के माध्यम से मंगाया गया है। इस दौरान कुछ मोबाईल धारको को चोरी या गुम मोबाईल चलाये के बारे में बताये जाने पर स्वयं से भी कुरियर कराया गया है। चोरी के मोबाईल जिन मामलों में बरामद हुए है उन पर वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है । जांजगीर चाम्पा पुलिस द्वारा अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मोबाईल फोन बरामद किया गया। जिसमें से उड़ीसा, झारखण्ड तथा बिहार से मोबाईल फोन बरामद हुए है। जांजगीर चाम्पा पुलिस समस्त जनता से अपील करती है, कि *मोबाईल फोन गुम/चोरी होने की स्थिति में तत्काल **www.ceir.gov.in** पोर्टल में गुम होने के संबंध में जानकारी भेजे एवं अपने नजदीकी थाना/सायबर सेल से संपर्क करें, जिससे मोबाईल फोन का किसी भी अपराध में उपयोग ना हो सके*। अपने मोबाईल फोन को हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखें। जागरूक रहकर ही किसी भी प्रकार के सायबर अपराध से बचा जा सकता है।

# महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित

**जांजगीर-चांपा**

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यशाला में श्रीमती अनिता अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के संबंध में अपने स्तर पर जागरूकता फैलाने हेतु कहा गया। उक्त कार्यकम में श्रीमती कमलेश त्रिपाठी सहायक लोक अभियोजन अधिकारी नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा महिलाओं को प्राप्त संवैधानिक अधिकार, भारतीय दण्ड संहिता एवं महिलाओं का कार्यस्थल लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को जिला स्तर पर गठित स्थानीय शिकायत समिति एवं आंतरिक शिकायत समिति के कार्यदायित्वों एवं समिति के द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये समस्त प्रतिभागियों के बीच परिचर्चा की गयी। जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति की सदस्य श्रीमती रिशीकांता राठौर एवं श्रीमती नम्रता नामदेव के द्वारा गठित समिति के बारे में वृहद रूप से प्रचार-प्रसार कर महिलाओं को जागरूक करने हेतु कहा गया। स्वास्थ्य विभाग जिला जांजगीर-चांपा से उपस्थित डॉक्टर श्रीमती ममता जगत द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी यथाशीघ्र संबंधित समिति के संज्ञान में देने की बात कही गयी। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री एच. निशा खान केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों जिला परिवहन, कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जांजगीर कुल 50 कार्यालयों से गठित आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर के द्वारा समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यशाला का समापन किया गया।




छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग

कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

| स. क. | सिस्टम निविदा क. | निविदा सूचना क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (प्राक्कलित लागत) | निविदा आमंत्रण की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 153287 | 11/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 27.02.2024 | न्यू रूद्री बैराज के डाउनस्ट्रीम में पुराने पिकअप वियर के डिस्टर्ब स्टोन पिचिंग एवं प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कार्य। | रू. 287.04 लाख | षष्टम आमंत्रण |
| 2 | 153289 | 12/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 27.02.2024 | मुरूमसिल्ली बांध के एफ.आर.एल. सर्वे एवं बाउण्ड्री पत्थर लगाने का कार्य तथा प्रथम फाल के फ्लोर क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं दांये साईड गार्डन विकसित करने का कार्य। | रू. 327.70 लाख | द्वितीय आमंत्रण |
| 3 | 153290 | 13/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 27.02.2024 | मुरूमसिल्ली बांध के नीचे पहुंच मार्ग (निरीक्षण रोड) एवं संरचनाओं का निर्माण कार्य। | रू. 219.52 लाख | द्वितीय आमंत्रण |

**Date-Time Schedule Details**

1. Bid Start Date and time: 05.03.2024, 17.31 pm
(The date and time from which bidders start preparation / submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.)
2. Bid Due Date and time: 15.03.2024, 17.30 pm
(The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.)
3. Bid Open Start Date and time: 18.03.2024, 11.30 am
(The date of opening of Envelop –A & B online)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **05.03.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

G-08238/9

कायपालन आभेयंता
जल प्रबंध संभाग रूद्री
कोड नं. 38 (छ.ग.)

# एनजीडीआरएस सिस्टम से रजिस्ट्री के अपाइंटमेंट में मिल रही रियायतें

**नए सिस्टम के लागू होने से अपेक्षाकृत कम समय में हो रही रजिस्ट्री**

रायपुर राज्य में रजिस्ट्री के लिए एनजीडीआरएस सिस्टम लागू किया गया है। नए सिस्टम में आम नागरिकों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बहुत सारी रियायतें दी गई है। वर्तमान में अपाइंटमेंट सिस्टम में दुरूपयोग को रोकने के लिए कई उपाय किए जा रहे है। अपाइमेंट में निर्धारित डीड कैटेगरी को परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी चुकाने पर ही अपाइंटमेंट दिया जा सकेगा। इससे गलत अपाइंटमेंट को रोकने में मदद मिलेगी। जिला पंजीयक श्री आशुतोष कौशिक ने यह जानकारी दी। श्री कौशिक ने बताया कि वर्तमान में अपाइंटमेंट पूरी तरह सिटीजन पार्ट में है और सिटीजन को रियल टाइम में दिखता है। अभनपुर में विगत तीन वर्षो से एनजीडीआरएस सिस्टम चल रहा है और सफलतापूर्वक रजिस्ट्री हो रही है। नए सिस्टम से रजिस्ट्री की प्रक्रिया लागू होने से अपेक्षाकृत बहुत कम समय में हो रही है। नए सिस्टम में डाटा एंट्री पब्लिक पार्ट में होने के कारण पक्षकार के पहुंचते ही फोटो, बायोमैटिक के बाद कार्यवाही हो रही है। अब समय-सीमा के भीतर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो रही है।

# आज से प्रारंभ हुई हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परीक्षा केंद्रों का शिक्षा सचिव द्वारा आकस्मिक निरीक्षण



रायपुर 01 मार्च 2024- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी द्वारा परीक्षा केन्द्र क्रमशः स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आर.डी. तिवारी, आमापारा रायपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय माधव राव सप्रे शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्र आर.डी.तिवारी में कुल 94 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है, जिसमें 01 छात्र अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह माधव राव सप्रे शाला में कुल 160 छात्र पंजीकृत है, जिसमें से 07 छात्र अनुपस्थित पाये गये।

## खास खबर

### नाबालिग छात्रा ने हॉस्टल में दिया बच्चे को जन्मः गड्ढा खोदकर गाड़ा, जांच में लड़की और लड़का दोनों नाबालिग

**कोरिया ( ए )।** कोरिया जिले के गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा प्रेग्नेंट हो गई। उसने हॉस्टल में ही प्री मैच्योर मृत बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद छात्रा ने मृत नवजात का शव हॉस्टल से बाहर गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर उसका पोस्टमॉर्टम कराया।

जानकारी के मुताबिक, कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र में पुलिस को गर्ल्स हॉस्टल के पास मृत नवजात शिशु का शव जमीन में गड्ढा खोदकर गाड़े जाने की सूचना मिली। पुलिस ने गुरुवार को शव बरामद किया। जांच में पता चला कि गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग ने प्री मैच्योर बच्चे को जन्म दिया था। छात्रा की शिनाख्त कर ली गई है। छात्रा बच्चे के जन्म के बाद अपने घर चली गई थी। छात्रा और उसकी मां को थाने बुलाकर उनका बयान दर्ज किया गया। वहीं नवजात के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पहले जिला अस्पताल बैकुंठपुर ले जाया गया। जिला अस्पताल की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी पैकरा ने बताया कि अज्ञात कन्या शिशु के पोस्टमॉर्टम का मामला गुरुवार को आया था। ऐसे मामले में उम्र और डीएनए जांच की व्यवस्था बैकुंठपुर में नहीं होने के कारण शव को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में नवजात के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार, नाबालिग छात्रा के साथ संबंध बनाने वाला आरोपी भी नाबालिग है। मामले में परचा पुलिस ने छात्रा के बयान के आधार पर धारा 363, 366, 376, 376 (2)(n) IPC और 6 पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गुरुवार शाम को छात्रा और उसके परिजन का बयान दर्ज किया है। एसडीओपी कविता ठाकुर ने कहा कि दोनों नाबालिग हैं। कम उम्र के कारण छात्रा समझ नहीं पाई और प्रसव हो गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि नवजात कितने माह का है।

# दुर्ग रेंज के पहले साइबर थाने में शुरू हुई 30 लाख की ठगी की जांच, टेलीग्राम पर ग्रुप ज्वाइन कराकर की गई थी धोखाधड़ी




**भिलाई।** दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग के द्वारा सायबर थाना में पहली सायबर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस विवेचना के माध्यम से पुलिस विभाग ने ठगी और अन्य सायबर अपराधों के मामलों को सकारात्मक रूप से निपटने का निर्णय लिया है। पुलिस महानिरीक्षक ने 30 लाख से अधिक की सायबर ठगी के मामले को संज्ञान में लेते हुए सायबर थाने में विवेचना में लिया गया है। इस मामले में, ठग टेलीग्राम के माध्यम से लोगों को धोखा देते थे एवम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में डेली टास्क देकर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर ठगी करते थे। इस मामले मामले पर सायबर थाने में धारा 420 व सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 डी के तहत विवेचना प्रारंभ को गई है।

बता दें पुलिस महानिरीक्षक ने हाल ही में दुर्ग रेंज का चार्ज संभालते हुए साइबर थाने को एक्टिवेट करने का निर्णय लिया था, जिसके तारतम्य में एसओपी जारी की गई थी, जिसके तहत 5 लाख से अधिक के सायबर फ्रॉड को सायबर थाने में विवेचना के लिए देने का निर्णय लिया गया था। सायबर थाना दुर्ग रेंज प्रभारी प्रशांत मिश्रा को फिलहाल 30 लाख की ठगी से जुड़ा मामला विवेचना के लिए दिया गया है। आईजी गर्ग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी लालच के झांसे में न आए और संदिग्ध साइबर गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया है।

## एमपी-सीजी पुलिस की संयुक्त टीम शातिर ठग को किया गिरफ्तार, अब तक कर चुका 2.45 करोड़ रुपये की ठगी



**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को एक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दोनों राज्य में 2.45 करोड़ रुपये की ठगी की है। इसके गिरोह के अन्य सदस्य को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार किया था। गुरुवार को पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी गिरोह ने कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के एक रिटायर्ड कर्मचारी से पांच लाख रुपये की ठगी की थी।

सहसपुर लोहारा थाना के एएसआई संदीप चौबे ने बताया कि पीड़ित घनश्याम राम साहू निवासी ग्राम गगरिया खम्हरिया थाना सहसपुर लोहारा ने 16 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने अपने शिकायत में बताया था कि क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम से ओटीपी देकर आरोपी ने चार लाख रुपये की ठगी की। इस मामले में पुलिस ने 420 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी सुजीत चौधरी निवासी नई बस्ती सुभाष नगर बगियाटोला रांझी थाना रांझी जबलपुर (एमपी), राजा ऊर्फ गुलाम हसनैन निवासी मक्का नगर मक्का मस्जिद के पास संजय गांधी वार्ड आधारताल थाना हनुमानताल जबलपुर (एमपी), गौरव मरावी निवासी कांचघर पुलिस लाईन दुर्गा मंदिर ठाकुर आटा चक्की पास थाना घामापुर जबलपुर (एमपी) को 15 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया था। अब गुरुवार को इसी मामले में चौथे आरोपी इफ्फोखार निवासी हनुमानताल थाना हनुमानताल जिला जबलपुर (एमपी) को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा अभी तक मध्यप्रदेश मे 2 करोड 40 लाख रुपये व छत्तीसगढ मे 5 लाख रुपये की ठगी की जा चुकी है। इन लोगों के द्वारा क्रेडिट कार्ड, लक्की ड्रा, ऑनलाइन नौकरी समेत अन्य प्रकार से साइबर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपी के पास से मोबाइल व अलग-अलग फ्रॉड करने संबंधी संदिग्ध वस्तु बरामद की गई है। केंद्रीय जेल जबलपुर (एमपी) से फॉर्मल गिरफ्तारी की गई है।

## शराब देने से मना करने पर मां की हत्याः बेटे ने कुल्हाड़ी से काटा गला, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर ( ए )।** बलरामपुर जिले में बुधवार की शाम शराब देने से मना करने पर युवक ने मां की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। परिजनों को भी युवक ने टांगी लेकर दौड़ा दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, चांदो थाना क्षेत्र के ग्राम चुरुंडा में बुधवार शाम 6 बजे दीप नारायण सारस (38) जंगल से लकड़ी काटकर घर लौटा। उसने अपनी मां सुबेचनी बाई (60) से महुआ शराब की मांग की। उसकी मां ने शराब देने से इंकार कर दिया। बेटे को उसने डांटते हुए वहां से जाने के लिए कहा। इससे आक्रोशित होकर दीप नारायण सारस ने लकड़ी काटने की कुल्हाड़ी से मां सुबेचनी बाई पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर सुनकर सुबेचनी की बेटी और बहू बीच-बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपी दीप नारायण सारस ने उन्हें भी टांगी लेकर मारने के लिए दौड़ाया।

## गांजा तस्करी के आरोपी 3 साल बाद सुकमा से गिरफ्तार, पुलिस को चकमा देकर भाग गए थे दोनों



**कबीरधाम ( ए )।** कवर्धा जिले के बोड़ला पुलिस ने फरार आरोपी करण सोढ़ी और राजू मरकाम को गिरफ्तार कर लिया है। तीन साल पहले 30 किलो गांजे की तस्करी करते समय पुलिस को चकमा देकर दोनों भाग गए थे।

पुलिस ने बताया कि 31 मार्च 2021 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 2 आरोपी बाइक से गांजा लेकर रायपुर से जबलपुर की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना मिलते ही रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने की तैयारी में थी।

### जंगल में बाइक और गांजा छोड़कर भाग गए थे आरोपी

लेकिन आरोपी बहुत शातिर थे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही जंगल के रास्ते भागने लगे। पुलिस भी आरोपी का पीछा करते जंगल में गई, लेकिन आरोपी गांजा और बाइक छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस बाइक के नंबर के आधार पर आरोपियों की 3 साल से लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब जाकर आरोपी पुलिस गिरफ्त में आए हैं।

### सुकमा में छुपे हुए थे

बोड़ला थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर ने बताया कि बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि गांजा तस्करी के फरार आरोपी करण सोढ़ी और राजू मरकाम सुकमा में छुपे हुए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम सुकमा पहुंची और फरार दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कवर्धा लाऐ जाने के बाद न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# छात्रावास में छात्र ने दे दी जान, कलेक्टर ने अधीक्षक को किया निलंबित और मांगी रिपोर्ट

## पथरी के दर्द से था परेशान, कलेक्टर ने कहा यह बेहद दुखद

**अंबिकापुर।** असरगुजा जिले के विकासखंड अंबिकापुर में प्रीमैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दरिमा में छात्र की आत्महत्या के मामले पर कलेक्टर विलास भोस्कर एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लिया और स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु तीन डॉक्टरों की टीम के द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। टीम को सभी पॉइंट की विस्तृत जांच कर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक की घोर लापरवाही के मद्देनजर अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच में कोई बिंदु ना छूटे, इसके लिए एसडीएम अंबिकापुर को मजिस्ट्रियल जांच हेतु अधिकृत किया गया है। एसडीएम अंबिकापुर को तीन दिन में विधिवत जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि बच्चे बेहद संवेदनशील होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पालकों से भी अपील है कि बच्चों की मनःस्थिति को समझें। इस हेतु स्कूल, छात्रावास प्रबंधन को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों की किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दें। एसपी अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के मामलों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा शिक्षक एवं स्कूल, छात्रावास प्रबंधन से बात की जाएगी। बच्चों के मानसिक तनाव को कम करने का प्रयास किया जाएगा। बच्चों के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए। बच्चों की मनोस्थिति को समझने स्कूलों में मेंटल हेल्थ केयर के स्पेशलिस्ट की मदद ली जाएगी।



### लापरवाही के लिए छात्रावास अधीक्षक निलंबित

कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दरिमा के छात्रावास अधीक्षक भूपेश सिंह कश्यप, छात्रावास अधीक्षक श्रेणी स को अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरते जाने स्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त अधीक्षक का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम एक एवं दो के विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 (एक) (क) के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग अंबिकापुर निर्धारित किया गया है।

### एसडीएम अंबिकापुर को मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सरगुजा द्वारा घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु एसडीएम अंबिकापुर फागेश सिन्हा को विस्तृत जांच करने अधिकृत किया गया है। एसडीएम अंबिकापुर मृत्यु के दृश्यमान कारणों की विधिवत जांचकर तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि उक्त घटना की जांच हेतु दो सदस्यीय समिति गठित की गई है। जिसमें सहायक संचालक अंकिता मरकाम और सहायक संचालक महेंद्र पाल खांडेकर शामिल हैं, जो घटना की सूक्ष्म जांचकर जांच प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### पथरी बीमारी से जूझ रहा था छात्र

प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास दरिमा में कक्षा आठवीं के छात्र मुकेश तिर्की पिता रामजी तिर्की 13 वर्ष, निवासी बिशुनपुर सीतापुर के द्वारा कमरे के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में बुधवार को सामने आया था। पुलिस और परिजनों के मुताबिक, छात्र पिछले दो वर्षों से पथरी की बीमारी से जूझ रहा था। तकलीफ बढ़ने पर वह तीन दिन से स्कूल नहीं गया। हॉस्टल में ही था। बुधवार को स्कूल से वापस लौटे अन्य छात्रों ने कमरे का दरवाजा बंद देख शोर मचाया। जिससे अनहोनी की आशंका पर रोशनदान से झांक कर देखने पर वह फांसी पर झुलता मिला। अनुमान लगाया जा रहा है कि छात्र ने बीमारी से तंग आकर छात्र ने फांसी लगाई होगी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, मुकेश तिर्की पिछले दो वर्षों से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

### परिजन जड़ी बूटी से करा रहे थे इलाज

बताया जा रहा है कि छात्र मुकेश दो साल से पथरी की बीमारी से जूझ रहा था। परिजन जागरूकता के अभाव में पुत्र का चिकित्सालय में भली भांती उपचार कराने के बजाए गांवों में ही जंगली जड़ी बूटियों के माध्यम से उपचार कर रहे थे। बताया जा रहा है कि छात्र को तकलीफ होने के बावजूद छात्रावास कर्मियों के द्वारा छात्र के इलाज के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया गया। ना तो चिकित्सालय लेकर गए और ना ही चिकित्सक का परामर्श ले उपचार ही शुरू कराया गया। यह बात सामने आई है कि अत्यधिक दर्द होने पर अधीक्षक के द्वारा मेडिकल स्टोर से दर्द की दवा ले जाकर दे दी गई। लेकिन छात्र को कोई राहत नहीं मिली। जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 18.03.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा कमांक निविदा सूचना कमांक / दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- | --- |
| सिस्टम निविदा क्र. 153362 / निविदा सूचना क्र. 29 / वलेलि / 2023-24, राजनांदगांव दिनांक 28.02.2024 | राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया की भण्डारी भरदा जलाशय का जीर्णोद्वार एवं आर.बी.सी. नहर आर.डी. 0 मी. से 4770 मी. और एल.बी.सी. आर.डी. 0 मी. से 2900 मी. तक सीमेंट कांक्रीट नहर लाईनिंग तथा 01 नग एक्वाडक्ट 03 नग पुलिया निर्माण एवं 05 नग पुराने स्ट्रक्चर्स का मरम्मत कार्य। | राशि रु 382.50 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |
| सिस्टम निविदा क्र. 153365 / निविदा सूचना क्र. 30 / वलेलि / 2023-24, राजनांदगांव दिनांक 28.02.2024 | राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगढ़ की तेन्दुभाठा जलाशय के मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 5850 मी. तक लाईनिंग कार्य, 01 नग इनलेट, 08 नग व्ही.आर.बी., 01 नग एक्वाडक्ट, 04 नग फाल, 350 मीटर पाईप लेयिंग एवं 40 नग आउटलेट का निर्माण कार्य। | राशि रु. 258.11 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.03.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

G-08199-9

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव

